+91 7014373732
marudharnews.com
info@marudharnews.com
खबरों और विज्ञापन हेतु संपर्क करे
हिन्दुस्तान की नई आवाज

# मरूधर हिन्द

CIN NO.- U74999RJ2020PTC067985
UN NO.- RJ02D0022186
मरूधर हिन्द अब एक नए अंदाज में
वर्ष : 03 | अंक : 162 | जयपुर, शुक्रवार 15 जून 2022 | कुल पेज : 6



"क्योंकि ये करते है हमारे अपनो की हिफाजत"
वही विश्वसनीय ईलाज, एक नई जगर पर
VISHWAS
Neuro Psychiatric Hospital
डॉ. सुमित मित्तल
M.D., FIAPP, MIPS
Consultant Neuro Psychiatrist
मस्तिष्क, मानसिक, सेक्स रोग एवं नशा मुक्ति विशेषज्ञ
निम्न रोगी अपने ईलाज के लिए सम्पर्क करें :-
• सरदर्द, माईग्रेन • उदासी ( डिप्रेशन ) • आत्महत्या के विचार आना
• नसों का दर्द • सेक्स सम्बंधी समस्याऐं • नींद न आना अथवा नींद में चलना
• बेहोश हो जाना • मिर्गी के दौरे आना • किसी प्रकार का नशा जैसे तम्बाकू, चरस, गांजा आदि का सेवन करना
नया पता : 276, स्कीम नं. 2, अलवर मो. 7665412062

डॉ. सुमित मित्तल

## एक्सप्रेस न्यूज

### एमके बेउरा ने ग्रहण किया कार्यभार



**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** गुरुवार को इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ सिग्नल इंजीनियर्स के अधिकारी एमके बेउरा ने प्रिंसिपल चीफ सिग्नल एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियर, उत्तर मध्य रेलवे का कार्यभार ग्रहण किया। एमके बेउरा भारतीय इंजीनियरिंग सेवा के 1986 परीक्षा बैच के अधिकारी हैं और उन्होंने विभिन्न पदों पर भारतीय रेल की सेवा की है।

### सारण में विषाक्त मिठाई खाने से 60 लोग बीमार

**छपरा, (एजेंसी)।** बिहार में सारण जिले के पानापुर थाना क्षेत्र में एक जन्मदिन समारोह में विषाक्त मिठाई खाने से 60 लोग बीमार हो गए। बुधवार को सलेमपुर गांव निवासी गुंजन सिंह के पुत्र के जन्मदिन पर लोग उसे बधाई देने उसके घर पर पहुंचे थे। जन्मदिन समारोह में शामिल लोगों को गुंजन सिंह द्वारा नाश्ता में मिठाई दी गई थी। मिठाई खाने के बाद 60 लोगों की तबीयत खराब हो गई और उन्हें उल्टियां होने लगी। सभी लोगों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर एम्बुलेंस सहित अन्य आवश्यक दवाओं के साथ एक टीम को भेजा गया है।

### बिहार के पूर्व मंत्री रमई राम का निधन

**पटना, (एजेंसी)।** प्रदेश में पूर्व मंत्री रमई राम का निधन हो गया है। वह पिछले दो दिनों से पटना के मेदांता अस्पताल में भर्ती थे। बिहार की राजनीति में रमई राम की अहमियत को इसी बात से समझा जा सकता है कि वह लालू प्रसाद यादव के साथ ही नीतीश कुमार की सरकार में भी मंत्री पद संभाल चुके थे। रमई राम बोचहा विधानसभा क्षेत्र से कई बार विधायक निर्वाचित हुए थे। उनका अपना अलग वोट बैंक था। पूर्व मंत्री रमई राम के निधन पर नेताओं और मंत्रियों ने शोक जताया है।

### महाराष्ट्र में पेट्रोल- डीजल की कीमतों में कटौती

**मुंबई, (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में नवनिर्वाचित एकनाथ शिंदे की सरकार ने पेट्रोल और डीजल के दामों में भारी कटौती की है। महाराष्ट्र में नई सरकार बनने के बाद जनता को बड़ी राहत मिली है। राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार ने आम आदमी को पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों से छुटकारा दिलाते हुए पेट्रोल 5 रुपए और डीजल 3 रुपए प्रति लीटर सस्ता किया है। गुरुवार को राज्य सरकार की कैबिनेट बैठक में पेट्रोल और डीजल पर वैट घटाने का फैसला हुआ है। मंत्रालय में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सीएम शिंदे नबताया कि इस फैसले से सरकारी खजाने पर 6,000 करोड़ का भार पड़ेगा।

## आज का इतिहास

- **1611:** अजमेर के राजा और मुगल साम्राज्य के वरिष्ठ सेनापति जयसिंह का जन्म।
- **1840:** शिक्षाविद, ग्रंथकार और सांख्यिकीविद अंग्रेज अधिकारी विलियम विलसन हन्टर का जन्म।
- **1883:** प्रसिद्ध भारतीय व्यवसायी जमशेद जी जीजाभाई का जन्म।
- **1903:** भारत रत्न सम्मानित सेनानी, राजनेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के.कामराज का जन्म।
- **1904:** अमेरिका के लॉस एंजेलिस में पहले बौद्ध मंदिर का निर्माण।
- **1909:** आंध्र प्रदेश की प्रथम महिला नेता दुर्गाबाई देशमुख का जन्म।
- **1909:** महाराष्ट्र कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी के सदस्य और बम्बई विधानसभा के सदस्य गणपत राव देवजी तापसे का जन्म।
- **1910:** एमिल क्रेपलिन ने एलॉइस अल्जाइमर के नाम पर अल्जाइमर बीमारी का नाम दिया।

# बाबा विश्वनाथ के दर्शन करने के लिए उमड़ी भीड़

**वाराणसी ■ एजेंसी**

भगवान शंकर के प्रिय माह सावन की गुरुवार से शुरुआत हो गई है। सावन में देवाधिदेव महादेव की नगरी काशी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन पर सुबह से ही शिव भक्तों की भीड़ लगी है। हर ओर बोम बम, हर हर महादेव और जय विश्वनाथ की गूंज सुनाई दे रही है।

महादेव के जयकारों के बीच काशी पूरी तरह से शिवभक्ति के रंग में रंगी नजर आई। काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद यह पहला सावन है, जब भक्त बाबा के दर्शन को यहां आ रहे हैं। भक्तों की मानें तो धाम के लोकार्पण के बाद यहां व्यवस्थाएं पहले से काफी अच्छी हैं। मंदिर में बाबा का दर्शन भी आराम से हो रहे हैं और किसी तरह की परेशानी नहीं हो रही। वहीं इस बार भक्त गंगा द्वार के रास्ते भी सीधे बाबा धाम तक पहुंच पा रहे हैं और शिव के धाम की अद्भुत छटा निहार पा रहे हैं।



**सावन में शिवमय हुई काशी**

### मंगला आरती के बाद खुला कपाट

बाबा विश्वनाथ का कपाट सुबह मंगला आरती के बाद भक्तों के लिए खोल दिया गया। मंदिर में भक्तों के प्रवेश के लिए चार प्रवेश द्वार बनाए गए हैं, जहां से भक्त बाबा दरबार तक पहुंच जलाभिषेक कर रहे हैं। सावन के पहले दिन यानी गुरुवार को सुबह से यह क्रम शुरू हुआ है, जो देर रात तक चला।

### दो लाख भक्तों के दर्शन का अनुमान

मंदिर प्रशासन का अनुमान है कि सावन के आम दिनों में 1 से दो लाख भक्त बाबा दरबार में आते हैं। जबकि सोमवार और शिवरात्रि पर यह संख्या 5 से 6 लाख हो जाती है। इसी अनुमान को देखते हुए इस बार प्रशासन ने व्यवस्थाएं की हैं।

### दूसरे मंदिरों में भी भीड़

बाबा विश्वनाथ के दरबार के अलावा काशी के दूसरे प्रमुख शिव मंदिरों में भी सावन के पहले दिन भक्तों की भीड़ देखने को मिली। बात यदि सुरक्षा व्यवस्था की करें तो पुलिस प्रशासन की ओर से काशी विश्वनाथ मंदिर के अलावा सभी शिव मंदिरों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

# भारत-पाकिस्तान के बॉर्डर की निगरानी कर रहा है 'साइलेंट संतरी'

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** भारतीय सेना दुश्मनों की हरकतों पर नजर रखने के लिए टेक्नॉलोजी का इस्तेमाल कर रही है। इसको लेकर सेना लगातार तकनीक का इस्तेमाल भी कर रही है। दरअसल तकनीक का इस्तेमाल करने के पीछे सेना का मकसद है कि भारतीय जवानों की जान को कम खतरा रहे। इस दिशा में सेना लगातार कदम बढ़ा रही है और इसी के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान की सीमा पर साइलेंट संतरियों को तैनात किया है, जो चुपचाप बॉर्डर की निगरानी करेंगे। इतना ही नहीं इनकी नजर से दुश्मन का बचना आसान नहीं होगा।

एक खबर के मुताबिक भारतीय सेना का डिजाइन ब्यूरो खुद कई नई तकनीक पर काम कर रहा है। डिजाइन ब्यूरो ने एक रोबोट तैयार किया है, जो बॉर्डर पर पेट्रोलिंग कर रहा है। इसे साइलेंट संतरी नाम दिया गया है, जो दिन रात किसी भी मौसम में निगरानी रखता है। इसे फिलहाल जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान बॉर्डर पर तैनात किया गया है। आर्मी डिजाइन ब्यूरो ने इसका डिजाइन देशी उद्योग के साथ भी शेयर किया है ताकि बड़ी संख्या में इसका प्रॉडक्शन किया जा सके।

**लगातार 6 घंटे पेट्रोलिंग करने की क्षमता :** इस रोबोट की लगातार 6 घंटे पेट्रोलिंग करने की क्षमता है और इतना ही नहीं बैटरी डाउन होने पर ये खुद ही चार्जिंग प्वाइंट तक पहुंच जाता है और खुद को चार्ज करके फिर से पेट्रोलिंग करने लगता है। एक रोबोट अगर चार्जिंग पर गया तो दूसरा रोबोट उसकी एरिया की निगरानी कर लेता है। इस रोबोट को मेजर पारस कंवर ने तैयार किया है और इसे साइलेंट संतरी नाम दिया है। यह अपने डेटाबेस से चेहरे की पहचान करता है और कोई अनजान दिखने पर अलर्ट भेज देता है।



**आसान नहीं इसकी नजर से बचना**

**गुजरात के कई इलाकों में भारी बरसात**

# नवसारी में कई जगह घुटनों तक भरा पानी

**अहमदाबाद ■ एजेंसी**

गुजरात के कई हिस्सों में पिछले 24 घंटे से भारी बारिश जारी है और नवसारी के कई इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य सरकार की ओर से जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अधिकारियों ने गुरुवार तड़के तापी और वडोदरा जिलों में फंसे 45 लोगों को निकाला। राज्य के कई हिस्सों में पिछले चार दिन से भारी बारिश जारी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राज्य के उत्तरी तथा दक्षिणी हिस्सों और सौराष्ट्र क्षेत्र सहित गुजरात में कई स्थानों पर शुक्रवार को भीषण बारिश होने का अनुमान जताया है।

'स्टेट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर' (एसईओसी) के अनुसार, बृहस्पतिवार को सुबह आठ बजे तक पिछले 24 घंटे में गुजरात के नवसारी जिले में 394 मिमी बारिश हुई। वलसाड जिले के करपाडा और धरमपुर तालुका में इसी अवधि में क्रमशः 377 मिमी और 340 मिमी बारिश हुई। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बारिश के कारण पूर्णा और अंबिका नदियों में पानी का स्तर बढ़ गया है। नवसारी, बिलीमोरा शहर और जिले के अन्य हिस्सों में कई इलाकों में पानी भर गया है।



### 18 बच्चों सहित कुल 35 लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाया

नवसारी के कलेक्टर अमित यादव ने ट्वीट कर लोगों से अहमदाबाद-मुंबई राजमार्ग के चिखली-वलसाड प्रखंड पर जाने से बचने को कहा कि क्योंकि वहां पानी भरा है। तापी जिले के दोल्वन तालुका में गांव में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने के कारण फंस गए 10 लोगों को दमकलकर्मियों ने निकाला। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने वडोदरा के कर्जन तालुका के कंदारी गांव में फंसे 18 बच्चों और दो मरीजों सहित कुल 35 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है।

### पिथौरागढ़ में भूस्खलन से 19 सड़कें बंद ,50 हजार लोग बेहाल

**पिथौरागढ़, (एजेंसी)।** उत्तराखंड में मानसून के आगमन के साथ ही पहाड़ी क्षेत्रों में मुश्किलों का दौर भी शुरू हो गया है। नदी-नाले सब उफान पर हैं और जगह-जगह भूस्खलन की घटनाएं देखने को मिल रही हैं, जिससे कई ग्रामीण इलाके सहमे हुए हैं, तो हजारों की आबादी पैदल चलने को मजबूर है। पिथौरागढ़ जिले में 19 सड़कें भूस्खलन से बंद हैं, जिससे जनजीवन काफी प्रभावित हुआ है और ग्रामीणों का मुख्य मार्ग बंद होने से जरूरी चीजों की सप्लाई पर भी असर पड़ा है। इस वजह से इन इलाकों में जरूरी सामान भी महंगे दामों पर बिक रहा है। 50 हजार से ज्यादा की आबादी अभी बरसात की शुरुआत में ही प्रभावित हुई है। यही नहीं, पिथौरागढ़ जिले की 13 सड़कें ऐसी हैं, जो पिछले 8 दिनों से बंद हैं। इन्हें खोलने के लिए संबंधित विभाग को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। इनमें धारचूला की सबसे ज्यादा सड़कें हैं, जहां हर साल बारिश अपने साथ तबाही ही लेकर आती है। पिथौरागढ़ जिले में चीन सीमा को जोड़ने वाली मुनस्यारी- मिलम, धारचूला से दारमा और व्यास वैली को जोड़ने वाली सड़क के साथ जिले में मसूरीकांडा-होकरा आदि सड़कें बंद हैं।

### सावन मास आरंभ



पटना में सावन मास की शुक्ल पक्ष की पहली तिथि पर गुरुवार को शिव मंदिरों में भारी भीड़ रही। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की।

# सबको पोषण उद्देश्य को पूरा करने में कोटेदारों की अहम भूमिका

**गोरखपुर ■ ब्यूरो**



**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया कार्यक्रम को संबोधित**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'सबको राशन सबको पोषण' के सरकार के उद्देश्य को साकार करने में कोटेदारों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उत्तर प्रदेश की आबादी देश में सर्वाधिक है और राज्य में 15 करोड़ लोग ऐसे हैं, जो उचित दर विक्रेताओं से निःशुल्क या सस्ते में अपना खाद्यान्न प्राप्त करते हैं।

मुख्यमंत्री गुरुवार को जनपद गोरखपुर के योगी बाबा गंभीर नाथ प्रेक्षागृह एवं सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित उचित दर विक्रेताओं को सीएससी के रूप में सक्षम बनाए जाने के लिए राज्य सरकार एवं सीएससी ई-गवर्नेन्स सर्विस इंडिया लि० के मध्य एमओयू हस्तांतरण एवं उचित दर विक्रेताओं के लाभांश में वृद्धि कर उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाए जाने के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 80 हजार राशन के उचित दर विक्रेताओं के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाने का यह एक अभियान है। इस अवसर पर कोटे की दुकानों को सीएससी के रूप में विकसित करने के लिए राज्य सरकार एवं सीएससी ई-गवर्नेन्स सर्विस इंडिया लि० के बीच एमओयू का आदान-प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोटेदारों को लोग बड़ी हेय दृष्टि से देखते थे, लोगों की सोच में परिवर्तन हो, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से पूरे देश में तकनीक का अधिक उपयोग करने का अभियान प्रारंभ हुआ। वर्ष 2017 के पहले उत्तर प्रदेश के लिए यह एक सपना था, क्योंकि हमारे पास 80 हजार राशन कोटे की दुकानें थीं। इनमें समयबद्ध ढंग से ई-पॉस मशीन लगाने का कार्य हुआ और 03 वर्ष के अंदर ही कोरोना महामारी के आगमन के साथ प्रदेश के 15 करोड़ लोगों को राशन की सुविधा देना प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर गोरखपुर के महापौर सीता राम जायसवाल, अन्य जनप्रतिनिधिगण, प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद वीना कुमारी मीना सहित शासन-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी तथा जनपद गोरखपुर के लगभग 1200 कोटेदार उपस्थित थे।

# रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा दोहरीकृत रेल कार्य का निरीक्षण

**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** गुरुवार को रेल संरक्षा आयुक्त मोहम्मद लतीफ खान द्वारा झांसी-कानपुर दोहरीकरण योजना के अंतर्गत पामां-भीमसेन रेल खंड के मध्य नवनिर्मित 17.238 किमी रेल खंड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उक्त खंड पर शीघ्र पूर्ण किए दोहरीकरण कार्य तथा नव निर्मित स्टेशन भवन के पूर्ण कार्य के अतिरिक्त पामां-भीमसेन रेल खंड अंतर्गत ट्रैक्शन, सिग्नल, गेट, ब्रिज, ट्रैक, ट्रैक-पॉइंट्स आदि का निरीक्षण किया गया।

**ट्रैक की गुणवत्ता, राइडिंग क्वालिटी आदि की परख की गई**

इस दौरान उन्होंने इंस्पेक्शन कैरिज तथा मोटर ट्राली से रेलखंड के अंतर्गत आने वाले पामां, रसूलपुर गोगामउ तथा भीमसेन स्टेशन पर सभी प्रकार के नए संस्थापनों की परख की निरीक्षण उपरांत संबंधित नव स्थापित ट्रैक पर 120 किमी प्रति घंटा कि रफ्तार से स्पीड ट्रायल के जरिए ट्रैक की गुणवत्ता, राइडिंग क्वालिटी आदि की परख की गई। रेल संरक्षा आयुक्त की अनुमति के उपरांत, यह नव दोहरीकृत रेल खंड व स्टेशन भवन यात्री गाड़ियों एवं मालगाड़ी के सुरक्षित संचालन के लिए उपलब्ध होगा। इस दूसरी लाइन के खंड के प्रारंभ होने से झांसी- कानपुर रेल खंड पर गाड़ियां के संचालन में सुगमता आएगी। झांसी-कानपुर दोहरीकरण योजना के अंतर्गत उसरगांव-कालपी-चौन्राह रेलखंड 15.31 किलोमीटर तथा मलासा-लालपुर-पामान 19.43 किलोमीटर रेलखंड पर दोहरीकरण कार्य प्रगति पर है, शेष कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

# मंडल रेल प्रबंधक के साथ हुई स्थाई वार्ता तंत्र बैठक

**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** गुरुवार को प्रयागराज मंडल कार्यालय के संकल्प सभाकक्ष में मंडल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा की अध्यक्षता में मंडल की मान्यता प्राप्त यूनियन उत्तर मध्य रेलवे मेंस यूनियन के साथ दो दिवसीय स्थायी वार्ता तंत्र बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी मनीष कुमार खरे ने इस बैठक में मंडल रेल प्रबंधक एनसीआरएमयू यूनियन के सभी पदाधिकरियों तथा उपस्थित सभी अधिकारियों का स्वागत किया। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी ने एनसीआरएमयू के पदाधिकरियों को सदैव रेल प्रशासन का सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया।

**एनसीआरएमयू का रेलवे को मिल रहा है सतत सहयोग**

इस अवसर पर बैठक में उपस्थित यूनियन प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मंडल रेल प्रबंधक ने इस वर्ष कि प्रथम स्थाई वार्ता तंत्र बैठक में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि औद्योगिक संबंधो को बेहतर बनाने के क्रम में एनसीआरएमयू का रेलवे प्रशासन को सतत सहयोग मिल रहा है तथा सकारात्मक सहभागिता रही है। मंडल रेल प्रबंधक ने एन सीआर एम यू के इस सहयोग की सराहना करते हुए कहा की प्रयागराज मंडल यह अपेक्षा करता है कि आने वाले दिनों में भी इसी प्रकार का सक्रिय सहयोग मिलता रहेगा।

इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि इस वर्ष हम सभी लोग आजादी का 75 वां वर्ष आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मना रहे हैं, जो अपने आप में एक गौरव की बात और आप सभी का सहयोग और भागीदारी अपेक्षित है। प्रयागराज मंडल सदैव कर्मचारियों की समस्या का त्वरित निवारण करने के लिए संवेदनशील और प्रयत्नशील रहा है। हमारी आज भी कोशिश है कि समस्याओं के निवारण में कम से कम समय लगे, प्रयागराज मंडल के अधिकारी व कर्मचारी के विशेष योगदान एवं यूनियन के सहयोग से प्रयागराज मंडल ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं, उनका उल्लेख करना आज आवश्यक है। उन्होंने बताया की जनवरी 2021 से अभी तक कुल 215 सेलेक्शन, सूटेबिलिटी और ट्रेड टेस्ट के जरिए कराए गए, जिसमें कुल 5300 कर्मचारी को पदोन्नत किया गया। इसी के साथ जनवरी 2021 से अभी तक 1140 कर्मचारियों को एमएसीपी का लाभ दिया गया। जनवरी 2021 से अभी तक 163 आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई, साथ ही साथ 304 लोगों का समापन भुगतान समय से किया गया।

## संदिग्ध अवस्था में महिला की मौत,शव लेने मायके वालों को ससुराल वालों ने पीटा

मरूधर हिंद /आमिर खान कामां

कामां-पहाड़ी थाना इलाके में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला के परिजनों का आरोप है कि विवाहिता की ससुराल वालों ने गला दबाकर हत्या कर दी है। जब महिला के पीहर पक्ष वाले मृतका का शव लेने के लिए उसकी ससुराल पहुंचे तो ससुराल वालों ने महिला के पीहर पक्ष की पिटाई कर डाली। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस पुलिस ने महिला का शव को कब्जे में लेकर पहाड़ी अस्पताल



की मोर्चरी में रखवा दिया7 मृतका महिला के भाई ने बताया कि उसकी बहन आरसीदा की शादी साल 2001 में पहाड़ी थाने के गांव कान्हौर निवासी जैकम के साथ हुई थी। उसके बाद उसे 2006 में ससुराल भेजा गया। तब से ही उसका पति जैकम उसे दहेज के लिए परेशान करने लगा। आरसीदा ने कई बार इस बारे में अपने पिता को बताया। आरसीदा के पिता कामां थाना इलाके के बिलग गांव के रहने वाले हैं। वह कई बार आरसीदा के पास गए और जाकर पंचायत जोड़कर राजीनामा करवाया। पंचायत में राजीनामे के बाद भी ससुराल वाले आरसीदा को परेशान करते रहे। कल आरसीदा की बहन रुक्सीना का फोन आया। रुक्सीना की शादी भी कान्हौर गांव में हुई है। उसने बताया की आरसीदा की उसकी ससुराल वालों ने हत्या कर दी है। जिसके बाद आरसीदा के परिजन सब लेने के लिए गांव कान्हौर पहुंचे इस दौरान आरसीदा के ससुराल वालों ने उन पर हमला कर दिया। जिसमें आरसीदा के भाई शाहनवाज और इरशाद को चोट आई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पहाड़ी अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। आरसीदा के परिजनों का कहना है उसके ससुराल वाले कभी मोटरसाइकिल मांगते थे तो कभी फर्नीचर की डिमांड करते थे। जब उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो उन्होंने आरसीदा की गला दबाकर हत्या कर दी। अब उनकी मांग है की आरसीदा के हत्यारों को सजा दी जाए।

## नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दें विधायक व पालिकाध्यक्ष-भाजपा

मरूधर हिंद/आमिर खान कामां

**कामां।** भारतीय जनता पार्टी शहर एवं ग्रामीण मंडल कार्यसमिति की बैठक शहर मंडल अध्यक्ष प्रदीप गोयल की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक के विशिष्ट अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष याकूब खान व जिला उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष पंडित रामजी लाल शर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष साकिर अली थे7 कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष याकूब खान ने कहां कि गहलोत सरकार द्वारा बेरोजगारों को



बेरोजगारी भत्ता देने के नाम पर ठगने का काम किया है सरकार आमजन को बिजली और पानी की सुविधाएं भी नहीं दे पा रही है लोगों को महंगी दरों पर बिजली दी जा रही है पंडित रामजी लाल शर्मा ने कामा विधानसभा में बिगड़ती कानून व्यवस्था तथा भ्रष्टाचार कीपर चर्चा करते हुए कल एसीबी द्वारा कामा में की गई छापेमारी कार्रवाई को आधार बनाते हुए स्थानीय विधायक से नैतिकता पर इस्तीफे की मांग की साथ ही मोदी सरकार के 8 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला जिला उपाध्यक्ष मनीष शर्मा ने संगठन में संगठन को सर्वोपरि बताते हुए कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक भाजपा को मजबूत करने का आह्वान किया7 कार्यसमिति बैठक में सर्व सम्मति से कल एसीबी द्वारा कांग्रेस की पालिकाध्यक्ष गीता खंडेलवाल के घर पर की गई कार्रवाई को आधार मानते हुए स्थानीय विधायक जाहिदा खॉन एवं पालिकाध्यक्ष गीता खंडेलवाल से नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने की मांग की गई बैठक का संचालन महामंत्री किशोर तिवारी ने किया बैठक में चरण सिंह, गोपाल जाटव ,बलदेव गुर्जर, महेश शर्मा ,मथुरेश शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कामा क्षेत्र की जनता ने चाहा तो लडूंगा कामां से चुनाव, क्षेत्र को बनाएंगे खुशहाल

मरुधर हिंद /आमिर खान कामां

**कामां-** कस्बा जुरहरा में गुरुवार को हरियाणा कि पूर्व डिप्टी स्पीकर आजाद मोहम्मद व हरियाणा के पूर्व मंत्री चौधरी रहीसा खॉन ने चौधरी अजमत खान मेमोरियल अंग्रेजी माध्यम पब्लिक स्कूल का फीता काटकर शुभारंभ किया और पौधारोपण का पर्यायवरणरक्षा का संदेश दिया। समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए हरियाणा के पूर्व डिप्टी स्पीकर आजाद मोहम्मद ने कहा कि मेवात में शिक्षा का स्तर दयनीय है लोगों के अशिक्षित होने के कारण यहां पिछड़ापन अधिक है मेवात के लोगों को यदि पर्याप्त शिक्षा मिले तो यहां का यहां के लोग पढ़ लिख कर परिवर्तन ला सकते हैं7 चौधरी चौधरी अजमत खान मेमोरियल इंग्लिश मीडियम



अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी कक्षा नौवीं व दसवीं के छात्रों को निशुल्क शिक्षा दी जाएगी समारोह में मौजूद हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री चौधरी रहीसा खॉन ने कहा कि कामां विधानसभा क्षेत्र विकास और शिक्षा की दृष्टि से पिछड़ा हुआ है पिछले साढे तीन सालों से विकास अवरुद्ध पड़ा हुआ है भ्रष्टाचार चरम पर है किसी भी विभाग में देख लो भ्रष्टाचार का बोलबाला है कामां विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार पर कल उस समय मुहर लग गई थी जब एसीबी की टीम ने कामां नगर पालिका अध्यक्ष के घर पर कार्रवाई करते हुए उनके निजी चालक को ?1.32लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया था रिश्वत के मामले में नगर पालिका अध्यक्ष के पति और अधिशासी अधिकारी फरार है कामां विधानसभा में व्याप्त भ्रष्टाचार के इससे ज्यादा और क्या और क्या प्रमाण हो सकते हैं चौधरी रहीसा खॉन ने कहा कि यदि कामां विधानसभा क्षेत्र की जनता ने कहा चाहा तो मैं कामां विधानसभा से चुनाव लडूंगा और जनता की सेवा करूंगा हम सब मिलकर क्षेत्र को खुशहाल बनाएंगे और उन्नति के पथ पर ले जाएंगे इसके लिए आने वाले दिनों में कामा विधानसभा क्षेत्र में एक बड़ी रैली आयोजित की जाएगी और जनता की रायशुमारी ली जाएगी चौधरी रहीसा खॉन ने कहा कि अब समय आ गया है कि कामां विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त राजनैतिक गंदगी का सफाया किया जाए।

## युवाओं को साइबर क्राइम व निवेश आधारित जोखिमों के बारे में किया जागरूक

मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा

**बानसूर** - बढ़ते साइबर क्राइम के विरुद्ध जागरूकता के लिए भाजपा कार्यालय के पास बानसूर ( अलवर )में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन केंद्र व राज्य सरकार के निर्देश पर नेहरू युवा केंद्र एवं कॉर्पोरेट मंत्रालय के मामलों की ओर से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में 14जुलाई को आयोजित की कार्यशाला के समापन समारोह के विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने ऑनलाइन ठगी साइबरक्राइम निवेश आधारित जोखिमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहरू युवा केंद्र अलवर श्रीमान पंकज यादव द्वारा की गई। तथा उनके द्वारा बताया गया कि इन दिनों साइबर क्राइम के मामलों में बेतिहाशा बढ़ोतरी हुई है। जिससे कोई भी अछूता नहीं है। चाहे डॉक्टर हो या बिजनेसमैन या फिर प्राइवेट जॉब करने वाला हो या फिर स्टूडेंट कहीं ना कहीं इन साइबर क्राइम का शिकार हो रहा है। इस लिए साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए केंद्र व राज्य सरकार के निर्देश पर इन कार्यशालाओं का आयोजन किया गया है। अलवर के सभागार में साइबर क्राइम विषय विशेषज्ञ मनीष कुमावत व राजेश कुमार स्वृष्ट विकास अधिकारीने बताया कि किसी को भी अपने बैंक अकाउंट या सोशल मीडिया अकाउंट की पर्सनल जानकारी नहीं देनी चाहिएं। ना ही किसी से अपनी गोपनीय जानकारी साझा करें ।इसके अलावा किसी के कहने पर कोई भी ऐप डाउनलोड ना करें। क्योंकि यह फर्जी हो सकता है। हमेशा एंटीवायरस सॉफ्टवेयर ही इस्तेमाल करें। अपने पासवर्ड को अलग- अलग रखें। इस प्रकार छोटी-छोटी जानकारियों द्वारा साइबरक्राइम से बचा जा सकता है। साइबरक्राइम देश में सबसे बड़ा खतरा है ।इसके लिए हमें अपनी मानसिकता को बदलते हुए जागरूक व सतर्क रहने की आवश्यकता है।

# पार्षद कपिलराज शर्मा की तृतीय पुण्यतिथि पर होंगे विभिन्न सेवा एवम धार्मिक आयोजन

मरुधर हिन्द /दीक्षित कुमार

**अलवर।** 14 जुलाई गुरुवार को युवा ब्राह्मण सभा परिवार एवम सर्व समाज के लोगो की एक बैठक का आयोजन पार्षद कपिलराज शर्मा के तृतीय पुण्यथिति के आयोजन के संदर्भ में आयोजित हुई ।



अलवर शहर के युवा पार्षद रहे कपिलराज शर्मा की सड़क दुर्घटना के चलते 16 जुलाई को मृत्यु हो गई थी
ब्राह्मण समाज के युवा अध्यक्ष आकाश मिश्रा ने बताया कपिलराज शर्मा अलवर शहर का एक ऐसा नाम जिन्होंने साढ़े चार साल के राजनीतिक जीवन मे आमजन के मुद्दों के लिये बड़े बड़े संघर्ष अनशन एवं धरने प्रदर्शन किए थे
ब्राह्मण समाज के युवा अध्यक्ष आकाश मिश्रा ने बताया आमजन की आवाज रहे स्व.पार्षद कपिलराज शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर लगाया था जिसमे 151 यूनिट रक्तदान हुआ था ,
इसी संदर्भ में दूसरी पुण्यतिथि पर पार्षद कपिलराज शर्मा के जीवन के आदर्श एवं सिद्धांतो पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया था ।
ब्राह्मण समाज के युवा अध्यक्ष आकाश मिश्रा ने बताया इस बार तृतीय पुण्यथिति दिनांक 16 जुलाई शनिवार को प्रातः 7:00 कपिल राज स्मृति पार्क में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया जाएगा
प्रातः 8 बजे वेद पार्टी आचार्य द्वारा गो माता का पूजन उसके बाद बुध विहार स्थित कांजी हाउस में गो नंदी स्वामनी का आयोजन होगा , प्रातः 10 बजे 60 फिट रोड स्थित विमंदित पुनर्वास ग्रह में सभी बच्चो को भोजन करवाया जाएगा , शाम 6 बजे संगीतमय सुंदरकांड का पाठ एवम भजन का आयोजन होगा जिसमे शहर के स्वर सम्राट आत्मिक शांति के लिए प्रार्थना करेंगे।
पार्षद कपिलराज के भाई भानुप्रताप ने बताया 16 जुलाई प्रातः बुध विहार स्थित कांजी हाउस में गौ नन्दी स्वामणी उसके बाद 60 रॉड स्थित विमंदित पुनर्वास ग्रह में सभी बच्चो को भोजन करवाया जाएगा एवं एनईबी में स्थित पार्षद कपिलराज शर्मा पार्क में पौधरोपण किया जाएगा।
बैठक में पार्षद कपिल राज शर्मा के पिताजी जगदीश शर्मा क्षेत्रीय पार्षद शशि कला , निरंजन सैनी पार्षद कपिल राज शर्मा की धर्मपत्नी जय श्री शर्मा , ब्राह्मण समाज के युवा अध्यक्ष आकाश मिश्रा , शिवचरण कमल , डॉक्टर विनोद शर्मा , राजेंद्र शर्मा , पंकज शर्मा , पियूष उपाध्याय,महेश उपाध्याय, जगराम पहलवान, विष्णु शर्मा, नितिन भाल,एडवोकेट आरडी शर्मा , राहुल पटेल , केपी शर्मा रामबाबू शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

## उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में 21परिवेदनाएँ हुई प्राप्त



मरुधर हिंद

**कठूमर। दिनेश लेखी।** उपखंड मुख्यालय पर गुरुवार को पंचायत समिति सभागार में त्रिस्तरीय जनसुनवाई उपखण्ड अधिकारी रामकिशोर मीणा की अध्यक्षता में जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जनसुनवाई के दौरान कुल 21 प्रकरण प्राप्त हुए जिन्हें निस्तारण के लिए सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज किया गया। उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारियों- कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर अपने-अपने विभाग से संबंधित राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों कोज उपलब्ध करवाई साथ ही विभिन्न योजनाओं से मौके पर लाभांवित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, अनुप्रति योजना, श्रमिक कल्याण की विभिन्न योजनाओं की ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रदान की गई।

जनसुनवाई के दौरान राजस्व विभाग 4, पंचायती राज 6, सार्वजनिक निर्माण विभाग 4, जेवीवीएनएल दो, जलदाय विभाग दो,3अन्य विभागों से संबंधित परिवेदनाएँ प्रस्तुत हुई। सभी प्रकरण राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज किये गये।

## राज्य सरकार पर प्रबोधकों की न्यायोचित पदोन्नति नहीं करने का आरोप लगाया है

मरुधर हिन्द/ दीक्षित कुमार

**अलवर।** प्रबोधक संघ राजस्थान की ओर से राज्य सरकार पर प्रबोधकों की न्यायोचित पदोन्नति नहीं करने का आरोप लगाया है। शनिवार को प्रबोधक संघ के प्रदेश महामंत्री संजय कौशिक की ओर से आयोजित प्रेस वार्ता में सरकार पर इस मामले में अनदेखी करने का आरोप लगाया। कौशिक का कहना था कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रबोधक पदोन्नति से संबंधित घोषणा की शिक्षा विभाग द्वारा अनदेखी की जा रही है। यह प्रबोधक कैडर के साथ पदोन्नति के नाम पर एक छलावा है। वरिष्ठ प्रबोधक को वरिष्ठ अध्यापक के समकक्ष पद पर पदौन्नति दी जानी थी जबकि वरिष्ठ प्रबोधक को वही का वही तृतीय श्रेणी अध्यापक के स्थान पर ही रखा जा रहा है ,वही वेतन विसंगति पर सामंत कमेटी और खेमराज समिति की संघ से विस्तार से वार्ता होने के पश्चात यह सहमति बनी



थी कि विसंगति तो रही है लेकिन राज्य सरकार वेतन विसंगति कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक नही कर रही है इससे प्रत्येक प्रबोधक को 5से6 हजार रुपये का प्रति माह का नुकसान हो रहा है ।वही कौशिक ने बताया कि प्रबोधको के द्वारा राजकीय उपक्रमों यथा लोक जुम्बिश परियोजना, शिक्षा कर्मी,मदरसा पैरा टीचर्स ,शिक्षा सहयोगी, पैरा टीचर्स के रुप मे दी गयी अनुबंध आधारित सेवाओं को भी प्रबोधक सेवा मे जोडा जावे ।6डी.करने,सभी प्रकार के डेपुटेशन यथा- यथा महात्मा गांधी विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, विवेकानंद माडल स्कूल, मेवात बालिका आवासीय विद्यालय मे करने, प्रबोधक शारीरिक शिक्षक की पदौन्नति का प्रावधान भी प्रबोधक अधिनियम मे कर वरिष्ठ प्रबोधक शा.शि.पद पर पदौन्नति दी जावे।जल्द ही इसमें सुधार नहीं किया गया तो करीब 25 हजार प्रबोधक आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस अवसर पर राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला महामंत्री पीयूष पंडित जाडला,रैणी ब्लाक के अध्यक्ष शीला प्रधान, महामंत्री हरि प्रसाद शर्मा, जिला प्रभारी विक्रम सिंह, प्रबोधक शा.शि.श्यामलाल यादव, जिला महामंत्री कृष्ण कुमार जाटव, मनोहरलाल धानका,अब्दुल सत्तार, त्रिलोक चंद,गुरुबख्श सिंह ,प्रदीप कुमार सहित जिलेभर के बडी संख्या मे प्रबोधक उपस्थित रहे।

## नपा खेडली में प्रशासन शहरों के संग अभियान के तृतीय चरण को लेकर बैठक हुई संपन्न

मरूधर हिन्द

**कठूमर। दिनेश लेखी।** खेरली नगरपालिका में राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के तृतीय चरण के सफल क्रियान्वयन एवं आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उपखंड अधिकारी के निर्देशानुसार नगर पालिका की बैठक पालिका अध्यक्ष संजय गीजगढ़िया की अध्यक्षता में अपराह्न 4:- बजे प्रारंभ हुई।
पालिका अध्यक्ष संजय गीजगढ़िया ने बताया कि बैठक में उपखंड अधिकारी रामकिशोर मीणा ने सरकार के निर्देशानुसार सभी सीटों का लाभ प्रदान करते हुए अधिकाधिक पट्टे जारी करने को कहा। उन्होंने पट्टे दिए जाने के संबंध में आ रही समस्याओं का निस्तारण प्रमुखता कर पट्टे जारी किए जाने पर जोर दिया। इस संबंध में वार्ड 24 के पार्षद पति ओमप्रकाश लालपुरिया ने शिविर के पूर्व में हुए दो चरणों में वार्ड 24 व 25 की उपेक्षा कर वार्ड में कैंप



नहीं किए जाने की शिकायत की।
इधर पार्षद दर्शना जैन के पति प्रकाश जैन ने फाइल गुम हो जाने की शिकायत की इस बाबत उन्होंने कर्मचारियों की उदासीनता के चलते महीनों गुजर जाने के बाद भी आज तक फाईल नहीं मिलने का मामला उठाया। जिस पर उपखंड अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी ने उत्तरदायी कर्मचारी को फटकार लगाकर शीघ्र फाइल खोजने को कहा।
वार्ड पार्षद राजकुमार जैन ने पचासों फाईल एकत्रित हो जाने के बावजूद सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं होने का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि फाईलों पर पट्टे संबंधी संपूर्ण प्रक्रिया हो जाने के उपरांत भी अधिकारी के हस्ताक्षर न होने के कारण लंबित रहती है। उन्होंने पट्टों के संबंध में चार या पांच पार्षदों को कमेटी बनाने का सुझाव दिया। बैठक के अंत में अधिशाषी अधिकारी ने निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के साथ धन्यवाद ज्ञापित किया।
उल्लेखनीय हैं कि इस संबंध में 2 दिन पूर्व बैठक बुलाई गई थी लेकिन किसी भी पार्षद के नहीं पहुंचने कारण स्थगित कर दी थी।
बैठक में पार्षद वीरेन्द्र नरुका, सुरेंद्र गोयल, महावीर गौतम, दीपेंद्र नरूका, जगदीश लखेरा, चीनेश बंसल, वीरू बैरवा, साहिल बंसल, गीता चौधरी, कस्तूरी देवी, योगेश जांगिड़, भजन लाल मीणा, सहित अन्य पार्षद मौजूद रहे।

## गुरु पूर्णिमा उत्सव

अरुण जोशी की रिपोर्ट



**कुशलगढ़।** न्यू बाल विद्या भवन उच्च प्राथमिक विद्यालय कुशलगढ़ में संस्था प्रधान तेजपाल सिंह जादव की अध्यक्षता में गुरु पूर्णिमा पर्व उत्सव का आयोजन किया गया। संस्था प्रधान ने सर्वप्रथम सरस्वती जी की तस्वीर पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर गुरु पूर्णिमा उत्सव के कार्यक्रम की शुरुआत की, कार्यक्रम में संस्था प्रधान तेजपाल सिंह जादव ने बताया कि गुरु की सेवा, सच्ची सेवा है एवं गुरु के प्रति समर्पण का भाव रखना चाहिए एवं गुरु की आज्ञा का पालन सदैव करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय नकुल प्रजापत,ताहिरा शेख, पीयूष प्रजापत, रोशन प्रजापत,अनन्या राठौड़ आदि छात्र /छात्राओं ने प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ ने भी अपने विचार व्यक्त किए, इस अवसर पर कविता सोनी, संगीता सोनी, दिव्या सेन, पूजा प्रजापत, सुशीला डामोर, तैयबा सिंधी,सीमा प्रजापत, मोनिका प्रजापत, कमरू निशा मकरानी, राजेंद्र प्रजापत,धूलसिंह दामा,मनीष घोती आदि स्टाफ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक नरसिंह देवदा ने किया।

## आज से श्रावण मास का शुभारंभ, शिव मंदिरों में होगा जलाभिषेक सहित अनेक कार्यक्रम

अरुण जोशी की रिपोर्ट



**कुशलगढ़** - थांदला मार्ग पर नागनाथ शिव मंदिर प्राचीन काल का स्थित है। यहां स्थापित शिवलिग अपने आप में अनूठा है। हर सोमवार को यहां श्रद्धालु शिवलिग का जलाभिषेक करने आते हैं। गुरुवार से श्रावण मास शुरू हुआ। श्रावण मास भगवान शंकर का महीना माना जाता है। इस माह शिवभक्त प्रत्येक दिन शिव का जलाभिषेक कर पूजन-अर्चन करते हैं। मान्यता है कि श्रावण मास में भगवान शिव धरती पर भक्तों के बीच रहते हैं। ऐसे में श्रावण मास में जिले के प्रमुख शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी स्वाभाविक है। श्रावण मास को मंदिर परिसर में श्रद्धालु का तांता लगा रहता है।

## धार्मिक आयोजनों से बढ़ती है आपसी एकता ..... बलवान सिंह यादव

मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा

**नीमराना** - खुंदरोठ में पीर बाबा का भंडारे में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी जिला अलवर उत्तर के जिलाध्यक्ष बलवान सिंह यादव ने कार्यक्रम में भाग लिया । गांव वालों ने राठ की पगड़ी पहनाकर स्वागत किया । मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि बलवान सिंह यादव ने संबोधित करते हुए कहा गांव में विकास कार्य की गंगा बहेगी । क्षेत्र में काम किया है और आगे भी काम करेंगे । गांव के विकास के लिए आश्वासन दिया । स्वच्छ ग्राम पंचायत बनाने के लिए ग्रामवासियों से आग्रह किया । हर गांव को सरकार द्वारा चलाई गई हर योजना का हर नागरिक को लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा । गांव में इस प्रकार के आयोजन से सनातन संस्कृति को एक



नई दिशा मिलती है ।आने वाली पीढ़ी के जीवन में देवी देवताओं के प्रति आस्था बढ़ती है । नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार द्वारा हर जन कल्याणकारी योजनाओं से हर ग्राम पंचायत का विकास करने का कार्य किया जाएगा ।
ग्राम वासियों ने प्रधान प्रतिनिधि का आभार व्यक्त करते हुए कहा आपके द्वारा पूर्व में किए गए विकास के कार्य सराहनीय कार्य रहे हैं ।क्षेत्र को आप एक नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का कार्य कर रहे हो। पूरे गांव बस्ती आपका आभार प्रकट करती है। गांव बस्ती आपको आने वाले 2023 में विकास पुरुष के रूप में बहरोड़ विधानसभा का विधायक बनाने के लिए तत्पर है । इस अवसर पर सरपंच सुभाष कमांडो, पूर्व सरपंच राम सिंह ,मदन सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित वीरू भारद्वाज, निशू गुप्ता ,मनीष शर्मा ,पूर्व पंचायत समिति सदस्य राजू सिंह चौहान, रविंद्र, सुरेंद्र, मनोज कुमार एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

## रानी लक्ष्मीबाई राजीविका समिति के तहत महिलाओ ने निकाली रैली

मरूधर हिन्द



**कठूमर।दिनेश लेखी।** राजीविका द्वारा कस्बे में रानी लक्ष्मी बाई सीएलएफ का समारोह पूर्वक उदघाटन किया गया।वही इस मौके पर कस्बे में नारेबाजी के साथ रैली निकाली गई। बीपीएम प्रिंस सक्सेना ने बताया कि सीएलएफ के तहत ब्लॉक परियोजना कठूमर द्वारा पंचायत समिति में छः दिवसीय का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसके उपरांत कस्बे में प्रातः महिलाओं ने राजीविका कार्यालय से पंचायत समिति और कार्यक्रम स्थल तक रैली निकाली।
वही कार्यक्रम में परियोजना प्रबंधक राहुल महलावत, जिला प्रबंधक शारदा शर्मा, ब्लॉक परियोजना प्रबंधक प्रिंन्स सक्सेना,पदमसिंह सहायक कृषि अधिकारी एवं ब्लॉक के आकाश अली,महावीर, अंजुबाला, धर्म सिंह, सुनील वर्मा, सुमन, सविता, बेला, बैंक सखी रेनू,पूजा मौजूद रही।

## अकबरपुर पुलिस चौकी को थाने में क्रमोन्नत होने पर मुख्यमंत्री का जताया आभार

मरूधर हिन्द



**कठूमर । दिनेश लेखी।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अकबरपुर पुलिस चौकी को थाने में क्रमोन्नत किए जाने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताया। इस मौके पर मंत्री ने किया कि अकबरपुर को थाने में क्रमोन्नत होने के बाद यहां अपराधों पर अंकुश लगेगा, साथ ही नफरी भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जन आकांक्षाओं को समर्पित बजट की घोषणा के अनुसार निरंतर विकास कार्यों एवं घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने में जुटे हुए है। उन्होंने बताया कि अकबरपुर, गोपालपुरा, कालीखोल, बेरा, धर्मपुरा, खेडका, रिसाला, अहमदपुर, परसा का बास, कुशलपुरा, सारंगपुरा, मानपुरा, चांद पहाडी, निर्भयपुरा, नटनी का बारां, लालपुरा, डाबली, सिया का बास, नावली, अलापुर, माचडी, नांगल रटावत, सावडी, सावडी का बास, सूकल, कटारा, धवाला, घाटी तला, बलदेवपुरा, क्रासका, कालाछारा, कुशालगढ़, बावडी, माधोगढ़, इन्दोक, रईका सूकेला, लीलूण्डा, इम्टीपुरा, किशनपुर, पैंतपुर, सीलिसेढ़, पीपलगढ़, श्योदानपुरा, रिंगसपुरी, ढहलावास, रोगडा, बख्तपुरा, ढोबा, सीरावास, सुन्दरवास, उमरैण, पलखडी, बल्लाना को अकबरपुर थाने में सम्मिलित किया गया है।

## धूमधाम से मनाया पूर्व बीडीओ जोशी का जनप्रतिनिधि और पेंशनरों ने जन्मदिन

अरुण जोशी की रिपोर्ट

**कुशलगढ़-** खुशनुमा माहौल में पूर्व विकास अधिकारी शिक्षाविद् इच्छाशंकर जोशी का जन्मदिन मनाया।जनप्रतिनिधियों ने बीडीओ को केक कटवाकर जन्मदिन सेलीब्रेट किया।इस दौरान उपस्थित महानुभावों ने फूल माला पहनाकर शाल ओढ़ाकर,श्रीफल भेंटकर एक के बाद एक गणमान्य लोगों ने सम्मानित किया।आज पेंशनर समाज के संरक्षक श्री इच्छाशंकर जी जोशी के 91वे जन्मदिन पर पेंशनर समाज कुशलगढ़ के पदाधिकारियों द्वारा उनका सम्मान किया गया पेंशनर समाज के नवीन अध्यक्ष रमेश चौहान,विमल



लुणावत, विजयपाल जादव, हरेंद्र पाठक,आनंदीलाल बसेर,अनिल सेठ,नरेश त्रिवेदी,प्रवीण त्रिवेदी,नटवर सिंह,ईश्वर परमार और देवेंद्र त्रिवेदी पूर्व संसदीय सचिव भीमा भाई डामोर,नपा अध्यक्ष बबलू मईडा, नपा उपाध्यक्ष नितेश बैरागी,पीसीसी सदस्य हसमुखलाल सेठ,नपा नेता प्रतिपक्ष रजनीकांत खाबिया, समाज सेवी मुकेश अग्रवाल,रमेश तलेसरा,राउमावि कुशलगढ़ प्रधानाध्यापक भीमजी सुरावत,चार्टड अकाउंटेंट रमाकांत त्रिवेदी,त्रिवेदी मेवाड़ा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रवीण पंड्या,शरद जोशी,प्रबोध चन्द्र पंड्या,कृष्ण कान्त पंड्या,हेमेंद्र पंड्या, हर्षवर्धन पंड्या,पार्षद पायल पंड्या,तिलोत्तमा पंड्या सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## 'हरित बानसूर अभियान' का शुभारम्भ किया गया

मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा

**बानसूर** - उपखण्ड कार्यालय पर आज एसडीएम राहुल सैनी की पहल पर उपखंड कार्यालय सहित प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर हरित बानसूर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बानसूर उपखंड अधिकारी राहुल सैनी ने बताया कि हरित बानसूर कार्यक्रम में पूरे ब्लॉक स्तर पर 25 हजार पेड़ लगाए जाएंगे। वही एसडीएम ने बताया कि प्रथम चरण में प्रत्येक ग्राम पंचायत और ब्लॉक मुख्यालय पर कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। जिसमे निजी शिक्षण



संस्थानों और सरकारी स्कूलों के बच्चों सहित जनप्रतिनिधियों , स्वयं सेवकों के सहयोग से कार्यक्रम करवाया जा रहा है। वहीं उन्होंने बताया कि पर्यावरण संरक्षण आज के समय में बहुत बड़ा मुद्दा है। जिसको लेकर पर्यावरण को लेकर एक वृक्ष एक विद्यार्थी की थीम पर बच्चो के माध्यम से कार्यक्रम करवा रहें हैं। जिससे बच्चो में भी जागरूकता पैदा हो। जिससे पर्यावरण का लाभ सभी को मिल सके।
इस दौरान प्रधान सुमन सुभाष यादव,एसडीएम राहुल सैनी, तहसीलदार जगदीश बेरवा , एसीएम रेखा गुर्जर, बीसीएमओ डा. मनोज यादव, सीबीइओ मनोज सिंह शेखावत, चैयरमैन नीता सज्जन मिश्रा, ईओ सुमेर मीणा, शशिकांत बोहरा, विजय यादव सहित जनप्रतिनिधीगण उपखण्ड कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहें।

## हरित क्रांति अभियान के तहत हुआ पौधरोपण कार्यक्रम



मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

**बानसूर** - उपखंड प्रशासन की पहल हरित बानसूर अभियान के तहत राजकीय महाविद्यालय परिसर बानसूर में दिव्या क्लासेज बानसूर के निदेशक सुरेश ज्ञानपुरियां व उनकी टीम के द्वारा पौधारोपण किया गया। इन वृक्षों की सुरक्षा के लिए जाल लगाया गया । इस अवसर पर सुरेश ज्ञानपुरिया ने बताया की प्रत्येक परिवार के प्रत्येक सदस्य को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उस पौधे को वृक्ष बनाने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर राजेश गुर्जर, नवीन सिंह चौहान, बिट्टू सैन, अजय सिंह, सुभाष यादव सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे

## बोल अनमोल

जो पुस्तकें सबसे अधिक सोचने के लिए मजबूर करती हैं, वही तुम्हारी सबसे बड़ी सहायक हैं। - *जवाहरलाल नेहरू*

# ग्रामीण भारत की सेहत

इलाज के लिए ग्रामीण इलाके के किसी सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं, तो यह संभावना अधिक है कि डॉक्टर या स्वास्थ्यकर्मी वहां मौजूद ही न हों। दो तिहाई से अधिक भारतीय ग्रामीण इलाकों में रहते हैं। लेकिन, स्वास्थ्य सेवाओं की तुलना अगर शहरी इलाकों से करें, तो वहां बेशुमार खामियां नजर आयेंगी। हालांकि, अनेक शहरी इलाकों में भी सार्वजनिक स्वास्थ्य की स्थिति संतोषजनक नहीं है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि 2005 के बाद स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की बजाय गिरावट ही आ रही है। साल 2005 में 17.49 फीसदी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और उपकेंद्रों (एससी) में डॉक्टरों की तैनाती नहीं थी, 2021 में यह अनुपात 21.83 प्रतिशत तक पहुंच गया। जहां 17 साल पहले लगभग आधे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) स्पेशलिस्ट डॉक्टरों से वंचित थे, वहीं 2021 में यह रिक्ति 67.96 प्रतिशत हो गयी। महिला स्वास्थ्यकर्मियों या सहायक नर्सिंग मिडवाइव्स (एएनएम) से रहित पीएचसी और उपकेंद्रों की संख्या 2005 में 4.75 प्रतिशत थी, जो 2021 में 27.16 प्रतिशत हो गयी। इस बीच देश ने भयावह कोविड-19 महामारी का भी सामना किया। आश्चर्यजनक है कि सिक्किम के सभी और मध्य प्रदेश के 95 फीसदी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर स्पेशलिस्ट डॉक्टर नहीं हैं। वहीं छत्तीसगढ़ के 43.2 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल के 37.7 प्रतिशत पीएचसी डॉक्टरों से महरूम हैं। बिहार में 72.12 प्रतिशत उपकेंद्रों पर कोई महिला स्वास्थ्यकर्मी नहीं है। स्वास्थ्य देखभाल तंत्र अरसे से संसाधानों की कमी से जूझ रहा है। पर्याप्त स्वास्थ्य संसाधनों और बुनियादी सुविधाओं का निरंतर अभाव स्पष्ट करता है कि स्वास्थ्य पर कभी पर्याप्त खर्च नहीं हुआ। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा आयुष्मान भारत के स्वतंत्र मूल्यांकन में भी स्पष्ट है कि धन आवंटन में देरी, कर्मचारियों की कमी जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। बिहार के 31 प्रतिशत स्वास्थ्य केंद्रों पर न पानी की सुविधा है और न ही बिजली की। ऐसे में अनेक तरह के दुष्परिणाम लाजिमी हैं। गरीब तबके में नवजात मृत्युदर तीन गुना ज्यादा है। असमानता की यह मार मासूमों पर सबसे अधिक है। गरीब परिवारों का जीवनकाल शीर्ष 20 प्रतिशत समृद्ध परिवारों के मुकाबले औसतन 7.6 साल तक छोटा होता है। आंकड़े बताते हैं कि इलाज पर होनेवाला आधे से अधिक खर्च जेब से होता है। अगर पीएचसी में सुधार हो, तो इस खर्च से राहत मिल सकती है। देशभर में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, एक समान व्यवस्था और जवाबदेही के लिए राष्ट्रीय स्तर पर नियामक और विकास ढांचा आवश्यक है।

## आज के ट्वीट



**मैंने उन्हें कभी आमंत्रित किया और न ही कभी मुलाकात की है। ये पता होना चाहिए कि उप-राष्ट्रपति जब किसी विदेशी मेहमान को बुलाता है तो सरकार की सलाह पर निमंत्रण दिया जाता है। ईरान में राजनयिक के रूप में हमेशा सरकार की जानकारी के दायरे में था, राष्ट्रीय सुरक्षा प्रतिबद्धता से बंधा था। भारत सरकार के पास सारी जानकारी है और सच्चाई बताने वाली वह एकमात्र प्राधिकार है।**

**- हामिद अंसारी**



**अखिलेश यादव में अभी परिपक्वता की कमी है। परिपक्वता की कमी ना होती तो उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव का नतीजा यह ना होता। हमारे साथ धोखा हुआ है। अखिलेश यादव ने उन्हें चुनाव में ना तो कोई जिम्मेदारी दी और ना ही स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल किया। अगर उन्हें जिम्मेदारी दी गई होती तो कम से कम आजमगढ़ की सीट जीत कर उन्हें दे देता।**

**- शिवपाल यादव**

## आज का इतिहास

- **1999 - चीन ने न्यूट्रान बम की क्षमता हासिल की।**
- **2000 - सिएरा लियोन में सैन्य कार्यवाही द्वारा सभी भारतीय सैनिक बंधक मुक्त।**
- **2002 - अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल के हत्यारे उमर शेख को पाकिस्तानी अदालत द्वारा मौत की सजा सुनाई गई।**
- **2004 - माओवादियों से वार्ता में नेपाल के प्रधानमंत्री ने विदेशी मध्यस्थता मंजूर की।**
- **2005 - श्रीलंका के सुप्रीम कोर्ट ने सुनामी राहत सामग्री बंटवारे विषयक सरकार-लिट्टे समझौते को निलम्बित किया।**
- **2008 - नेपाल में दोनों प्रमुख वामपंथी दलों के बीच देश के प्रथम राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति पद पर नियुक्तियां तथा नई सरकार के गठन पर सहमति बनी।**

## जन्मे जो आज के दिन



### के. कामराज

दक्षिण भारत के राजनेता थे, जो 'नाडर जाति' से उठकर मद्रास, बाद में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और 'कांग्रेस पार्टी' के अध्यक्ष बने। तमिलनाडु की राजनीति में बिल्कुल निचले स्तर से अपना राजनीतिक जीवन शुरू कर देश के दो प्रधानमंत्री चुनने में महत्वूपर्ण भूमिका निभाने के कारण किंगमेकर कहे जाने वाले के. कामराज साठ के दशक में कांग्रेस संगठन में सुधार के लिए बनायी गई कामराज योजना के कारण विख्यात हुए। के. कामराज के का जन्म 15 जुलाई, 1903 को तमिलनाडु के 'विरुधुनगर' में हुआ था। उनका मूल नाम 'कामाक्षी कुमारस्वामी नादेर' था, लेकिन बाद में वह के. कामराज के नाम से प्रसिद्ध हुए।

- **1883 - जमशेद जी जीजाभाई - प्रसिद्ध भारतीय जो व्यवसाय से अत्यंत धनी और दानवीर थे।**
- **1909 - गनपतराव देवजी तापसे - महाराष्ट्र कॉंग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी के सदस्य तथा बम्बई विधानसभा के सदस्य।**

# तीर्थयात्री बिगाड़ रहे हिमालय की सेहत



प्रशांत सक्सेना

हिमालय के दुर्गम इलाकों में अमरनाथ यात्रा का आयोजन, भारत की क्षमता और उसकी इच्छा का प्रतिनिधित्व करता है। तीर्थयात्रियों को इस खतरनाक इलाके के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न अभियानों और उन ऊंचाइयों पर चढ़ने के लिए अच्छी सेहत की आवश्यकता के बावजूद, हर साल यात्रियों की संख्या बढ़ रही है। यह न केवल यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए बढ़ते सरकारी प्रयासों को दर्शाता है, बल्कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के प्रति लोगों के विश्वास को भी बताता है,लेकिन सवाल यह है कि तीर्थयात्रियों की भारी संख्या को देखते हुए क्या हिमालय की नाजुक इकोलॉजी (पारिस्थितिकी) को पर्याप्त सुरक्षा दी गई है? बता दें कि अमरनाथ गुफा के पास बादल फटने से अचानक आई बाढ़ के कारण 10 जुलाई तक कम से कम 16 लोग मारे गए, जबकि 15,000 तीर्थयात्री, जो जम्मू-कश्मीर में फंसे हुए थे, को पंजतरणी के निचले इलाके के शिविरों में भेजा गया है। 3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ के पवित्र गुफा मंदिर की 43 दिनों वाली यह यात्रा 30 जून को दो मार्गों से शुरू हुई। पहला मार्ग, दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में है, जो 48 किमी का है। और दूसरा मध्य कश्मीर के गांदरबल में बालटाल मार्ग है। यह 14 किमी छोटा पड़ता है।11 अप्रैल को केंद्र सरकार ने कहा कि इस साल की अमरनाथ यात्रा ऐतिहासिक और अब तक की सबसे बड़ी यात्रा होगी। भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद ने कहा कि इस साल करीब 7-8 लाख तीर्थयात्रियों के आने की उम्मीद है। कोविड महामारी के कारण 2021 और 2020 में अमरनाथ यात्रा नहीं हो पाई थी। इस बार, केंद्र ने यात्रा के मार्गों पर पुलिस और सेना के अलावा सीआरपीएफ और अन्य केंद्रीय बलों के 40,000 से अधिक जवानों की तैनाती की है। इस दौरान यूएवी के जरिए निगरानी के साथ-साथ किसी भी ड्रोन हमले को रोकने के लिए एक काउंटर-ड्रोन सिस्टम भी तैनान है। 2012 के एक सरकारी आंकड़े के अनुसार, 2009 में अमरनाथ यात्रियों की संख्या लगभग 4 लाख थी, जो 2012 में बढ़कर 6.21 लाख हो गई। तब के गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे ने राज्यसभा को बताया था कि यात्रा के दौरान हताहतों की संख्या बढ़ रही है। 2009 में इनकी संख्या 45 थी, जो 2010 में 77 हो गई और 2011 में 106। हालांकि, 2012 में, यह संख्या घटकर 93 हो गई, फिर भी यह 2009 के हताहतों की संख्या से दोगुनी थी। 2013 में अमरनाथ जाने वाली सड़क पर 214 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। लेकिन इसके बाद से इसमें कमी आई और ऐसे लोगों की संख्या 25 से 50 के बीच रही।

सबसे बुरी त्रासदी 1996 में हुई थी जब खराब मौसम के कारण 250 से अधिक तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी। इस त्रासदी के बाद सरकार ने एक समिति बनाई। इसने 30 दिनों में अमरनाथ आने वाले लोगों की कुल संख्या को 1 लाख तक सीमित करने की सिफारिश की थी, कहा गया कि प्रतिदिन 3,400 से अधिक लोगों अनुमति न दी जाए। जुलाई 2016 में जम्मू-कश्मीर में अशांति के कारण अमरनाथ यात्रा स्थगित कर दी गई थी। इस साल बद्रीनाथ तीर्थ जाने वालों की संख्या बहुत अधिक है। विशेषज्ञों का मानना है कि मौतों की अधिक संख्या का मुख्य कारण तीर्थयात्रियों की ज्यादा संख्या



भी हो सकता है। उत्तराखंड पर्यटन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, चार धाम तीर्थों पर रोजाना करीब 55 से 58 हजार तीर्थयात्री पहुंच रहे हैं। यह बीते वर्षों की तुलना में लगभग 15,000 अधिक है। चार धाम यात्रा में, यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ की यात्रा की जाती है। ये स्थान हिमालय में स्थित हैं। वैज्ञानिकों ने चिंता जाहिर की है कि इस यात्रा की वजह से प्लास्टिक और अन्य कचरे जमा हो रहे हैं। गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग के प्रमुख एमएस नेगी, जो हिमालयी क्षेत्रों में रिसर्च करते हैं, ने बताया कि केदारनाथ में बढ़ता कचरा खतरा बन रहा है।

अमरनाथ यात्रा सीजन (जून-अगस्त 2015) के दौरान, म्यूनिसिपल सॉलिड वेस्ट जेनरेशन पर एक अध्ययन में कहा गया था है कि पहलगाम के होटल और रेस्टोरेंट कुल कचरे का 74 फीसदी कचरा फैलाते हैं। पर्यटन और संबंधित गतिविधियों, जल निकायों की भौतिक और जैविक गुणवत्ता को प्रभावित करती हैं। इस साल इनकी वजह से 800-1,000 टन कचरा उत्पन्न होने का अनुमान है। चार धाम रास्ते पर तीर्थयात्रियों ने यात्रा शुरू होने के केवल 15 दिनों में कचरे के ढेर पैदा कर दिए हैं। इसके पर्यावरणीय नतीजों को लेकर विभिन्न विभाग परेशान हैं। इस साल तीर्थयात्रा शुरू होने के बाद से 8 लाख से अधिक तीर्थयात्री चार धाम पहुंच चुके हैं। अभी करीब 10 लाख लोगों का आना बाकी है। मैदानी इलाकों से ज्यादा संख्या में पर्यटकों और तीर्थयात्रियों के आने की उम्मीद है। काठमांडू के इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट के डायरेक्टर-जनरल डेविड मोल्डेन का कहना है, "नीति और नियम बनाने में सरकारों की अहम भूमिका होती है। इन नाजुक पारिस्थितिक तंत्रों में पर्यटकों की संख्या पर निगरानी रखने के लिए स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर एक नीति बनाने की आवश्यकता है, ताकि सतत पारिस्थितिकी पर्यटन के साथ-साथ स्थानीय कारोबार को भी बढ़ावा दिया जा सके।" केंद्रीय राज्य मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता जितेंद्र सिंह ने 2015 में कहा था कि वैज्ञानिक साक्ष्यों के अनुसार अमरनाथ यात्रा ने पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाया है और इसलिए यात्रा पर कोई रोक नहीं लगाई जाएगी। तब उन्होंने कहा था, "हमारे पास एक वैज्ञानिक सर्वे रिपोर्ट और साक्ष्य हैं। इनके मुताबिक, अमरनाथ यात्रा से हिमालय के पर्यावरण या पारिस्थितिकी पर कोई खतरा नहीं हैं और पूरे साल भर इसका आयोजन किया जा सकता है। वैज्ञानिक साक्ष्य, यात्रा की वजह से पारिस्थितिकी पर कोई प्रभाव नहीं दिखाते।" हालांकि, जम्मू यूनिवर्सिटी में भूगोल विभाग के पूर्व प्रोफेसर एमएन कौल का कहना है कि इस मामले में और भी वैज्ञानिक अध्ययन की आवश्यकता है। बर्फ लिंगम के आकार में परिवर्तन की वजह, 'लिंगम' की ओर जाने वाले जल मार्ग में बदलाव हो सकती है। वे कहते हैं, "यह गुफा चूना पत्थर और जिप्सम से बनी है। पर्यटकों द्वारा उत्पन्न गर्मी स्टैलेग्माइट के आकार को प्रभावित करती है।"

प्रोफेसर कौल ने कहा कि भारी तीर्थयात्री यातायात के अलावा, पर्वतीय अभियानों के परिणामस्वरूप ग्लेशियरों का ह्रास होता है और पर्यावरण का क्षरण होता है। यह कमी और गिरावट मानव सांस, कचरा और भूमि कटाव का परिणाम है। उनके मुताबिक, तीर्थयात्री की बड़ी संख्या के अलावा, पर्वतीय अभियानों के परिणामस्वरूप ग्लेशियर पिघलते हैं और पर्यावरण का क्षरण होता है। मानव सांस, कचरा और भूमि कटाव के कारण ऐसा नुकसान होता है। चार धाम यात्रा में बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों के पहुंचने के साथ, विशेषज्ञों ने गंभीर पर्यावरणीय चिंता जाहिर की है। उनका कहना है कि विलुप्त हो रही जड़ी-बूटियों के लिए खतरा ज्यादा है। जम्मू-कश्मीर में पर्यटन बढ़ने के साथ, चारधाम यात्रा में केदारनाथ की ओर जाने वाले रास्ते पर प्लास्टिक कचरे और इसके ढेर देखे गए हैं। हायर प्लांट हिमालयन रिसर्च इंस्टीट्यूट के निदेशक प्रोफेसर एमसी नौटियाल ने कहा, पिछले कई दिनों से केदारनाथ में लोगों का आना-जाना बढ़ रहा है। वहीं, केदारनाथ इलाके में कूड़े के ढेर यहां की बहुमूल्य जड़ी-बूटियों को नष्ट कर रहे हैं। जटामासी, आतिश, बरमाला, काकोली और दूसरी जड़ी-बूटियों सहित कुछ प्रमुख जड़ी-बूटियां विलुप्त हो गई हैं। यह सब गंभीर जलवायु परिवर्तन के कारण है, जिसकी वजह है, इस क्षेत्र में बढ़ती मानवीय गतिविधियां।

जम्मू-कश्मीर सरकार ने अमरनाथ यात्रा के दौरान कचरा सफाई अभियान के लिए आईआईटी इंदौर के 'स्वाहा' स्टार्टअप के साथ हाथ मिलाया है। रिपोर्टों के अनुसार, इस यात्रा के दौरान एक हजार टन से अधिक कचरा पैदा होने का अनुमान है। विशेषज्ञ इससे चिंतित हैं। साथ ही, इस स्वच्छता मिशन को साकार करने के लिए इंदौर के लगभग 350 लोग स्वेच्छा से इस अभियान में शामिल हुए हैं। जम्मू-कश्मीर सरकार को 8 लाख तीर्थयात्रियों के आने की उम्मीद है। सरकार, अमरनाथ यात्रा के दौरान प्लास्टिक और डिस्पोजेबल सामग्री का उपयोग न करने की हिदायत दे चुकी है। स्वाहा ने जीरो लैंडफिल इवेंट पेश किया है। इसके तहत यहां उत्पन्न होने वाले सभी कचरे को पारंपरिक रूप से भूमिगत किए जाने के बजाय रिसाइकल किया जाएगा। साथ ही इससे जैविक उर्वरक भी बनाया जाएगा, जिसे यात्रियों को बतौर गिफ्ट दिया जाएगा। स्वाहा स्वयंसेवकों ने कचरा प्रबंधन मशीनरी और उपकरण लगाना शुरू कर दिया है। यात्रा मार्ग में कई पड़ावों में ये स्वयंसेवक मौजूद रहेंगे। साथ ही शिविरों, लंगरों, भंडारों और अन्य गतिविधियों से उत्पन्न कचरे को जमा करेंगे। स्वाहा और उनकी टीम यात्रा के अंत 11 अगस्त तक तैनात रहेगी। जम्मू-कश्मीर के ग्रामीण विकास विभाग ने भी कचरा मुक्त तीर्थयात्रा अभियान शुरू किया है। स्वच्छ भारत मिशन की तर्ज पर, इसका आयोजन किया जा रहा है। देश में ऐसा पहली बार हो रहा है कि किसी धार्मिक यात्रा को जीरो वेस्ट आयोजन बनाने का काम हो रहा है। इस मिशन का मकसद, प्रकृति, वनस्पति, पहाड़ों, ग्लेशियरों और नदियों की रक्षा करना है और साथ ही इसे एक आदर्श तीर्थ यात्रा का उदाहरण बनाना है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने भी अमरनाथ यात्रा के दौरान 'पर्यावरण बचाओ' अभियान शुरू किया है।

(अस्वीकरणः यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# बढ़ती आबादी पर अंकुश जरूरी



डॉ. शोभा सूरी

जनसंख्या के मामले में भारत अगले साल यानी 2023 में चीन से आगे निकल जायेगा। पूर्ववर्ती अनुमानों में संभावना जतायी गयी थी कि ऐसा 2027 तक होगा, पर अब यह उससे चार साल पहले होता दिख रहा है। संयुक्त राष्ट्र की एक ताजा रिपोर्ट में यह रेखांकित किया गया है। निश्चित रूप से बहुत अधिक आबादी भारत के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है। जनसंख्या वृद्धि स्वास्थ्य एवं सामाजिक विकास समेत विभिन्न क्षेत्रों को प्रभावित करती है। इससे गरीबी और खाद्य असुरक्षा में बढ़ोतरी हुई है क्योंकि समुचित भोजन तक पहुंच एवं उसकी पर्याप्त उपलब्धता का अभाव है। स्वास्थ्य सेवा लचर होने और पहुंच से बाहर होने के चलते बीमारियां भी बढ़ी हैं। अधिक आबादी पहले से ही दबाव झेल रही स्वास्थ्य सेवा प्रणाली का बोझ और बढ़ा देती है। देश कुछ सालों से पेयजल उपलब्धता को लेकर भी चुनौतियों का सामना कर रहा है।

जनसंख्या बढ़ने से पीने के साफ पानी की भी कमी होती है। ये सभी समस्याएं हमारी आंखों के सामने बद से बदतर होती जा रही हैं। दूसरी गंभीर चुनौती लैंगिक भेदभाव की है। हमारे देश में लिंगानुपात का स्तर चिंताजनक बना हुआ है। उपलब्ध आंकड़ों की मानें, तो प्रति 1000 लड़कों पर 940 लड़कियां हैं। यह जगजाहिर तथ्य है कि लिंगानुपात में खाई अनेक सामाजिक समस्याओं का बुनियादी कारण होती है। हमारे देश की जनसंख्या का बहुत बड़ा हिस्सा गरीबी की चपेट में है। जाहिर है कि अगर आबादी बढ़ती है, तो गरीबों की संख्या में भी वृद्धि होती है। गरीबी बढ़ने के साथ ही कुपोषण और शारीरिक अक्षमता में भी बढ़ोतरी होती है। बढ़ती आबादी के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर मुहैया करा पाना उत्तरोत्तर मुश्किल होता जाता है। संसाधनों के अभाव में हर किसी को कौशलयुक्त बना पाना आसान काम नहीं है।

इसका नतीजा यह होता है कि समूचे तंत्र पर दबाव बढ़ता जाता है और काम नहीं मिल पाता है। जब लोगों के पास आमदनी नहीं होती, तो वे बेहद कठिन परिस्थितियों में जीने को मजबूर होते हैं। ऐसे में स्वाभाविक रूप से अपराध बढ़ते हैं और युवाओं में आपराधिक व्यवहार हावी होने लगता है। इस संबंध में उपलब्ध आंकड़े हमें बताते हैं कि तमाम कोशिशों के बावजूद देश में हर तरह के अपराधों की तादाद साल-दर-साल बढ़ती जा रही है। हमारे जीवन के हर क्षेत्र में तकनीक का इस्तेमाल तेजी से बढ़ता जा रहा है। इसके कारण रोजगार के पुराने तौर-तरीके भी बदलते जा रहे हैं और



बहुत से लोग रोजगारविहीन जीवन जीने के लिए बाध्य हो रहे हैं।

जनसंख्या वृद्धि का सीधा संबंध कई सामाजिक समस्याओं, जैसे- निरक्षरता, बाल विवाह और अधिक लड़के पैदा कर अधिक आमदनी जुटाने जैसे रूढ़िगत सोच आदि से भी है। कई परिवार ऐसा मानते हैं कि अधिक बच्चे होने से उनकी आमदनी अधिक हो जायेगी। बीते दशकों में हमारे देश में खाद्य उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, लेकिन इस उत्पादन और इसके वितरण का हिसाब बढ़ती आबादी की गति के साथ संतुलन नहीं बना सका है।

इसका स्वाभाविक परिणाम मुद्रास्फीति और उत्पादन की लागत में उछाल के रूप में देश के सामने है। यही स्थिति आवास और अन्य बुनियादी ढांचों की उपलब्धता के मामले में है। हमारी विकासशील अर्थव्यवस्था में मौजूद इंफ्रास्ट्रक्चर आबादी का बोझ उठाने में असफल रहे हैं। बस्तियों में आबादी घनी हो रही है तथा शहरों का बड़ा हिस्सा झुग्गियों में तब्दील हो रहा है। इससे प्राकृतिक संसाधनों, खासकर पानी, की खपत में भी बड़ी तेजी आयी है। इसके अलावा, बहुत अधिक आबादी यातायात, शिक्षा, संचार जैसी बुनियादी सुविधाओं पर भी बोझ बढ़ाती है। आबादी के लिए भोजन और पानी की बढ़ती मांग की आपूर्ति के लिए अधिक जमीन और जल स्त्रोतों के दोहन की जरूरत पड़ती है। हमारे देश में वन भूमि पर अतिक्रमण कर उस पर खेती का चलन बढ़ता जा रहा है।

इसी तरह भूजल का भी बेतहाशा दोहन हो रहा है। अधिक उपज के लिए रसायनों का इस्तेमाल भी चिंताजनक स्तर पर पहुंच चुका है। खाद्य उत्पादन और उपभोग को बढ़ाने के प्रयासों को भी जनसंख्या में तेज बढ़ोतरी, ग्रामीण क्षेत्रों से बड़े पैमाने पर शहरों की ओर पलायन, आसमान भूमि वितरण और बढ़ते भू-क्षरण से बड़ा झटका लगा है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य की समस्याओं का आधारभूत कारण अधिक जनसंख्या है। भारत मृत्युदर को कम कर पाने में कामयाब रहा है, पर जन्मदर के मामले में बहुत संतोषजनक परिणाम नहीं आ सके हैं। प्रजनन दर में कमी तो हुई है, पर अन्य देशों की तुलना में यह अभी भी अधिक है। स्वास्थ्य पर आबादी के असर का एक आयाम वायु प्रदूषण में बढ़ोतरी भी है, जो जानलेवा बीमारियों और संक्रमणों का कारण बनता जा रहा है। जैसे-जैसे जनसंख्या का घनत्व बढ़ता जा रहा है, वैसे ही संक्रमण भी।

असंतुलित वृद्धि से यौन रोगों के बढ़ने का खतरा भी है क्योंकि सुरक्षित गर्भ निरोधकों तक पहुंच कम हो जाती है। वनों का क्षरण और पारिस्थितिकी का नुकसान, वायु और जल प्रदूषण का बढ़ना, अधिक शिशु मृत्युदर और अत्यधिक गरीबी के कारण भूख जैसी बेहद गंभीर समस्याएं अधिक जनसंख्या का परिणाम हैं। इससे जनसांख्यिक लाभांश भी कम होता जा रहा है और मानव संसाधन एवं युवाओं में कौशल की कमी भी हो रही है। अधिक जनसंख्या होने से आर्थिक समानता में भी अवरोध पैदा होता है तथा सामाजिक सुरक्षा मुहैया करा पाना कठिन हो जाता है। ऐसे में आबादी का बड़ा हिस्सा बेहद खराब स्थितियों में जीवन जीने के लिए विवश होता है। भविष्य में ये चुनौतियां और विकराल हो सकती हैं। ऐसे में हमें जनसंख्या वृद्धि के प्रभावों, खासकर स्वास्थ्य पर, के बारे में व्यापक जागरूकता फैलाने पर ध्यान देना चाहिए। जन्म नियंत्रण और परिवार नियोजन के बारे में कदम उठाने के साथ उसके बारे में जानकारी दी जानी चाहिए। ठोस नीतिगत पहलें अधिक आबादी और स्वास्थ्य के बढ़ते खतरे के दुश्चक्र को तोड़ने में मददगार हो सकती हैं। बच्चों की संख्या दो तक सीमित करने पर जोर दिया जाना चाहिए।

जनसंख्या नियंत्रण के लिए सामाजिक और आर्थिक उपायों की आवश्यकता है। बाल विवाह पर रोक और शादी की न्यूनतम आयु बढ़ाना, महिला सशक्तीकरण, रोजगार व शिक्षा तथा सामाजिक सुरक्षा का विस्तार, स्वास्थ्य बीमा आदि पर ध्यान दिया जाना चाहिए। बेहतर जीवन स्तर और शहरीकरण आबादी रोकने में सहायक सिद्ध हुए है।

अवीकरणः यह लेखक के निजी विचार हैं।

# राम-नाम की मणि अपने साथ हमेशा रखें

पिछला दो वर्ष कुछ अच्छा नहीं बीता और अभी भी समय अच्छा तो नहीं ही चल रहा है। लेकिन फिर भी हमारी आस्था, विश्वास, हमारे संस्कार, हमारे कर्म यहां तक ले आते हैं। यहां पर आने के पश्चात हम लोगों ने जो भी बातें आप सभी के मुख से हमने सुनीं वह सब अघोरेश्वर महाप्रभु की वाणियां हैं, जो हमारे अघोर ग्रंथावली में लिखी हुई हैं। आशा है इन सबको हमलोग ग्रहण करेंगे, नहीं तो हमारा यहां दूर-दूर से आना, रहना, अपना समय देना हो सकता है कि व्यर्थ चला जाय। आज के इस चकाचौंध भरे भौतिक युग में हमलोगों की भौतिक उन्नति तो हुई है, लेकिन हम अपने संस्कार, अपनी संस्कृति और अपने पूर्वजों की दी हुई सीख को कदापि न भूलें।



औघड़ गुरुपद संभव राम

आज के समय में हम बहुत सी चीजों का रसास्वादन करते रहते हैं लेकिन हमारी रसना राम-नाम के रसास्वादन से वंचित रह जाती है। हमारा यह शरीर भी एक दिन काल-कवलित हो जाता है और जिसके मोह में पड़ के हर तरह के भौतिकता की चकाचौंध में अंधे होकर कृत्य-अकृत्य हम करते हैं वह भी काल-कवलित हो जायेगा। हमारे द्वारा बनाए गए बड़े-बड़े मकान, कंगूरे सब एक-न-एक दिन नष्ट हो जाते हैं। हम अपने भविष्य को क्यों खराब करें। हम अपने सारे कार्यों को करते हुए उस राम-नाम रूपी मणि को अपने साथ हमेशा रखें। हम अच्छा कर्म करें और जरूरतमंदों की मदद अवश्य करें, लेकिन समय-काल और परिस्थिति को देखते हुए अपनी रक्षा के उपाय भी अवश्य करें। यह नहीं कि आपको कोई मारने आ रहा है या कोई सांड ही आपको मरने आ रहा है तो आप किसी का इन्तजार करें कि कोई आकर हमें बचा लें, उस समय आपके हाथ में जो कुछ भी रहेगा उसी से प्रहार करके आप अपनी रक्षा कर सकते हैं।

शरीर की रक्षा के लिये उसके उपाय और संशाधन हमें रखने होंगे। क्योंकि इसी मनुष्य शरीर से हम ज्ञान सहित सबकुछ प्राप्त कर सकते हैं। मोह ग्रसित हो जिस चीज से हमलोग सबसे अधिक डरते हैं वह तो अवश्य ही आनी है। हमारा सबसे बड़ा डर मृत्यु को लेकर है। यह शरीर किसी का भी रहा नहीं है। हां, आपकी और हमारी आत्मा को कोई नहीं छू सकता। न कोई डरा सकता है, न मार सकता है और न नष्ट ही कर सकता है। राम-नाम के सूत्र को पकड़े रहेंगे तो हमारा वह भय भी जाता रहेगा। बहुत धन या संपत्ति हो जाने पर हममें एक अहंकार भी आ जाता है कि अरे यह सब तो मैंने ही इकठ्ठा किया है और वही अहंकार उसके संस्कार और कर्मों को नीचे गिरा देते हैं। हो सकता है कि आज जो आपके पास है वह आपके पूर्व जन्मों के कर्मों का फल हो या आपके माता-पिता के अच्छे संस्कारों के चलते य पूर्वजों के सत्कर्मों की देन हो या हमारी गुरुजनों के प्रति निष्ठा के चलते मिला हो। लेकिन हम अपने कर्मों से इतने गिर जाते हैं कि अपनी आत्मा को भी पद्दलित कर देते हैं। इससे अच्छा तो एक गरीब आदमी है जो नैतिकता से जीता हो। वह अपने-आप में रहता है, अपनी मेहनत का खाता है, उसकी आत्मा उसको नहीं कचोटती कभी। घर-परिवार, माता-पिता, पति-पत्नी, बेटा-बहू, सास-पतोहू में अहंकार के चलते ही आज क्लेश व्याप्त हो रहा है। गुरु सर्वसंगी हैं, और वह देह नहीं अपने ही प्राण हैं। लेकिन हम सबसे ज्यादा उसी की उपेक्षा करते हैं तो हमें क्या प्राप्त होगा? मैं तो यही कहूंगा कि हम अपने अघोर ग्रंथावलियों का अध्ययन करें उनके बताये मार्ग पर चलें। विशेषकर औघड़-अघोरेश्वर के बारे में यह है कि वह तो बैठे-बैठे ही जग का कल्याण करते हैं और बैठे-बैठे ही रूद्र रूप धारण करके जग का नाश भी कर देते हैं। पर्यावरण को नष्ट करके हमलोग तो अपने-आपका ही विनाश कर रहे हैं। हम कहते हैं कि भाई परा-प्रकृति की प्रकृति में अपनी प्रकृति को देखो, लेकिन हम तो परा-प्रकृति की प्रकृति को ही पूर्णतः नष्ट कर रहे हैं। इतनी गर्मी है कि किसान लोग हाहाकार कर रहे हैं। डेवलपमेंट के नाम पर वृक्षों की कटाई के आदेश अभी भी पारित हो रहे हैं। हम अपना विनाश तो स्वयं ही कर रहे हैं। आपलोग अधिक-से-अधिक वृक्ष लगाएं। आपके पास जगह न हो तो औरों को लगाने की प्रेरणा दें। लेकिन भौतिकता की चकाचौंध में आज के समाज में पाप के बाप लोभ के चलते इतना ज्यादा ईर्ष्या-द्वेष और घृणा व्याप्त हो गया है कि कुछ कहा नहीं जा सकता।

## चित्रकूट के घाट से

# पुर जन नारि मगन अति प्रीति



शील-सिन्धु मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राघवेन्द्र गुरु-आगमन की बात सुनते ही जागृत हो जाते हैं और श्री किशोरी जी के निकट शत्रुध्न को छोड़कर गुरुदेव का स्वागत करने चल पड़ते हैं। सबका सुस्वागत कर प्रभु यथास्थान लोगों के निवास की व्यवस्था करते हैं। गुरुदेव से पिता जी के स्वर्ग गमन का समाचार सुनकर बड़े ही व्यथित चित्त से समग्र शुद्धि कृत्य सम्पादन करते हैं। पुरवासियों के दिन बड़ी प्रसन्नता पूर्वक बीतने लगे। पुण्यसलिला पयस्वनी का स्नान, सात्विक आहार, प्राण प्रिय राम दर्शन-इतना पाकर उनके मन से अवध की सर्वथा विस्मृति हो गई-

*पुर जन नारि मगन अति प्रीति। बासर जाहिं पलक सम बीती।।*

किन्तु श्री भरत पुरवासियों की प्रसन्नता में भाग नहीं ले पातेहैं। अन्य जन धन को प्राप्त कर आनन्दोपभोग में मस्त हैं, पर भरत का ह्रदय चिन्तातुर हो रहा है। उन्हें न भूख लगती है,न रात्रि को निद्रा आती है।

*निसि नींद नहिं भूख दिन भरत बिकल सुचि सोच।*
*नीच कीच बिच मगन जस मौनहि सलिल संकोच।।*

जल की पंकिलता और अल्पता से मीन को जैसी व्यथा होती है, वैसी ही स्थिति भरत की भी है। यह उपमा बड़ी सार्थक है। यों तो जल में कमठ, दादुर आदि का भी निवास है और जल के प्रति आकर्षण भी, किन्तु सच्चा अनुराग एकमात्र मीन का ही है।

*जल मीन कमठ दादुर उरग जल जीवन जल गेह।*
*तुलसी एकै मीन को, है सांचिलो सनेह।।*

जल क्रमशः सूख रहा है। पर कमठ, दादुर को उसकी इतनी चिंता नहीं, के क्रीड़ा में निमग्न है। रहा-सहा जल भी पंकिल होता जा रहा है, मीन उसे देखती है, उसकी आंखों में पानी भर जाता है। बेचारी मीन सोचती है, जल का सूखना कैसे बंद हो? क्योंकि अन्य लोग जल के उपभोक्ता हैं पर मीन प्रेमी है।

**- पूज्यपाद पं. रामकिंकरजी महाराज**

## छायादार फलदार आयुर्वेदिक पेड पौधे लगाकर द्वितीय वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया

मरुधर हिन्द /दीक्षित कुमार



**अलवर।** 14 जुलाई को देवेश फाउंडेशन द्वारा राजकीय अंबेडकर छात्रावास तृतीय समाज अधिकारिता विभाग अलवर में 21 पौधे छायादार फलदार आयुर्वेदिक पेड पौधे लगाकर द्वितीय वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में संयोजिका शिवानी शर्मा , पर्यावरण जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार खंडेलवाल, सुरेश जी ( स्छुद्द समाज कल्याण विभाग, शीला देवी , राजबाला, सहाय्यक कर्मचारी सुनील कुमार श्रीमती कमलादेवी पुष्पा देवी जगदीश प्रसाद अनमोल अल्केश अल्केश मीणा भिमसिंग अशोक मोनू बंटी वर्मा रोहित अजय लेखराज छात्रावास का अन्य स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे । सभी बच्चो को पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताते हुए एक एक पौधे को पालने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## जिले में अपराधिक घटनाओं के बढ़ने के विरोध में अलवर जिला व्यापार महासंघ ने सौंपा मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन

मरुधर हिन्द/दीक्षित कुमार



**अलवर।** जिला व्यापार महासंघ द्वारा कुछ दिनों पूर्व भिवाड़ी में दिनदहाड़े बैंक डकैती हुई और लुटेरे एक बड़ी लूट की घटना को अंजाम देने में सफल हुए, इस घटना के खौफ से आमजन के निकलने से पूर्व ही अलवर शहर के व्यस्ततम रिहायशी क्षेत्र तिजारा फाटक पुलिया के पास दूध मिष्ठान भंडार की दुकान पर खुलेआम रंगदारी की 50 लाख की पर्ची देकर अपराधी गोली चलाकर फरार हो गए। उसके बाद भूरासिद्ध हनुमान जी मंदिर में भी हथियारबंद अपराधी घुस गए थे जिससे अलवर जिले का व्यापारी ओर आम जनता भयभीत है ओर अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। महासंघ के महामंत्री मुकेश विजय ने बताया की इन सभी घटनाओं के विरोध में अलवर जिला व्यापार महासंघ के द्वारा माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम का एक ज्ञापन अतिरिक्त जिला कलेक्टर वंदना खोरवाल जी को सौंपा जिसमें मांग की गई कि इन सभी घटनाओं को तुरंत खुलासा करवा कर अपराधियों की गिरफ्तारी हो एवं महासंघ ने मांग उठाई है कि एमपी, एमएलए कोटे की तरह व्यापारियों का भी स्पेशल कोटा बनाकर उनके आवेदन करने पर हथियार का लाइसेंस तुरंत प्रभाव से दिलवाया जाए जिससे वह अपनी स्वयं की परिवार सहित एवं प्रतिष्ठान की सुरक्षा कर सकें, साथ ही महासंघ के द्वारा बाजारों में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत करने की मांग की गई है जिससे व्यापारी सुरक्षित माहौल में रहकर अपना व्यापार चला सके। ज्ञापन देने गए प्रतिनिधिमंडल में महासंघ के जिलाध्यक्ष रमेश जुनेजा, जिला महामंत्री मुकेश विजय, महेश खंडेलवाल, अशोक तनेजा, राजीव शर्मा बिट्टू ,अखिलेश गर्ग, रवि जुनेजा ,अनिल चुघ, प्रवीण गोयल एवं अन्य मौजूद थे।

## कुएँ व फार्म पौण्ड से मोटर चोरी का मामला दर्ज

मरूधर हिन्द/अराई/प्रकाश भागनानी



निकटवर्ती ग्राम भांभोलाव में एक कुएँ व एक फार्म पौण्ड से मोटर चोरी का मामला सामने आया है। थानाधिकारी जय सुल्तान सिंह ने बताया कि भांभोलाव निवासी रमेश कुमार माली ने अराई पुलिस थाने में रिपोर्ट देते हुए बताया कि उसके कुएँ से अज्ञात चोरों ने पानी की मोटर व अन्य सामान चोरी कर लिया है वही भांभोलाव निवासी नन्दलाल बैरवा ने बताया कि उसके कुएँ पर भी पानी की मोटर लगी हुई थी जिसे अज्ञात चोर चुरा कर ले गये। जिस पर अराई पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जनसुनवाई के दौरान सुनी जनसमस्याएं



मरूधर हिन्द/अराई/प्रकाश भागनानी

कस्बे अरांई स्थित पंचायत समिति सभागार में उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन एसडीएम खेमाराम यादव की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान कुल 45 परिवेदनाए प्राप्त हुई जिसमें राजस्व सम्बंधित 32 शिकायतें प्राप्त हुई जिनको लेकर तहसीलदार हनुमान प्रसाद ने शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। इसी के साथ पीएचईडी की 2 पंचायत राज की 7 पशुपालन विभाग की 1 बैंक सम्बंधित 1 तथा पीडब्ल्यूडी विभाग की 1 शिकायत प्राप्त हुई। इस दौरान ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायत देते हुए बताया कि बैंक ओफ बडौदा व बीमा कंपनी द्वारा छोटे खसरे का बीमा नहीं किया जा रहा है जिस पर उपखण्ड अधिकारी ने मौके पर ही बैंक के अधिकारियों को शिकायत पर कार्रवाई करने के निर्देश जारी किये। जनसुनवाई के दौरान तहसीलदार हनुमान प्रसाद विकास अधिकारी पुरूषोत्तम पारीक, सहायक विकास अधिकारी दौलत सिंह, ब्लॉक सी एम एच ओ डा अनुज पिंगोलिया, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण सिंह चौधरी, आदि मौजूद थे।

## नदी पार करते हुए युवक की डूबने से मौत

मरुधर हिन्द उदयपुर

मांडवा थाना क्षेत्र के समोली ग्राम पंचायत की घटना मेगला उम्र 45 वर्ष निवासी जलेरी सामोली से बुवाई करके घर लौटते वक्त नदी में पानी अचानक बढ़ने से डूब कर मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर थानाधिकारी उत्तमसिंह मय पुलिस जाप्ते व पूर्व सरपंच अंबालाल पहुंच लाश को कोटडा हॉस्पिटल मोर्चरी में रखवाया गया जहां शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

# श्री महात्मा ज्योतिबा फुले विद्यापीठ सी. सै. स्कूल महार कलां में हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम में संस्था के टॉपर रहे प्रतिभाओं को मेडल व स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित**

**संस्था की बालिका प्रिया सैनी का इन्दिरा प्रियदर्शनी अवार्ड में 75 हजार रुपये के लिए हुआ चयन**

**तपस्वी श्री श्री 1008 श्याम दास त्यागी महाराज ने सरस्वती माँ के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की कार्यक्रम की शुरुआत**

**संस्था निदेशक रामलाल सैनी ने सभी अथितियों का माला व साफा पहनाकर किया स्वागत**




मरूधर हिन्द/पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा/महार कलां

**महार कलां ।** चौमू तहसील की ग्राम महार कलां बस स्टैंड स्थित श्री महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान में गुरुवार को मेधावी छात्र छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचवटी आश्रम के तपस्वी सन्त श्री श्री 1008 श्याम दास त्यागी महाराज ने सरस्वती माँ के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुरुआत की । सत्र 2021 - 2022 के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा परिणाम में ग्रामीण परिक्षेत्र की प्रतिभाओं ने अच्छे अंक प्राप्त कर संस्था व अपने माता पिता का नाम रोशन किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राम किशोर कुमावत व विशिष्ट अतिथि शिंभूदयाल कुमावत ने भाग लिया ।और संस्था के सभी विधार्थियों का हौंसला अफजाई कर उज्जवल भविष्य की कामना की । माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में संस्था में टॉपर रहे मेधावी होनहार छात्र छात्राओं में हेमलता रायका ने 93.33 त्न गौरव जांगीड ने 92.50 त्न प्रज्ञा लक्षकार ने 90.17 त्नतथा 12वीं विज्ञान वर्ग के उमा शंकर चौधरी ने 91.40 त्न कलां वर्ग की ममता कुमावत ने 90.20 त्न एवं कृषि संकाय में मोनिका जाट ने 88.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था व अपने माता पिता का नाम रोशन किया । इस उपलक्ष पर महाराज श्री के कर कमलों से प्रतिभाओं को माला , साफा व मेडल पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । हाल ही में संस्था की प्रतिभाशाली बालिका प्रिया सैनी का भी राज्य सरकार द्वारा प्रदत इन्दिरा प्रिय दर्शनी अवार्ड ( 75 हजार रुपये ) के लिए भी चयन हुआ है । प्रतिभाओं को सम्मानित व सम्बोधित करते हुए तपस्वी श्याम दास त्यागी महाराज ने कहा की पढाई के साथ साथ इस प्रकार के कार्यक्रमों में हिस्सा लेने से ही बच्चों की प्रतिभा निखरती हैं । उन्होनें संस्कार की शिक्षा पर भी जोर दिया । संस्था के निदेशक रामलाल सैनी ने महाराज श्री के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया । निदेशक रामलाल सैनी ने बताया की संस्था के बच्चे हर क्षेत्र में तभी आगे बढेंगे जब शिक्षक के साथ साथ अभिभावक भी साथ मिलकर प्रयास करेंगे । कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि राम किशोर कुमावत ने सभी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की इस संस्था ने पूरे परिक्षेत्र मे हर वर्ष की भाँति इस बार भी अनेकों प्रतिभाओं को निखारने का कार्य किया है । इस संस्था ने अनेको बालकों को मेडिकल इन्जीनियर एवं प्रशासनिक सेवाओं मे भेजकर ग्रामीण क्षेत्र को हमेशा से गौरवान्वित किया है । कार्यक्रम में संस्था के प्रधानाचार्य रामजी लाल कुम्हार व्यवस्थापक कमलेश पुरी गोस्वामी, चरण प्रकाश डेगाना, प्रह्लाद सहाय ,गोपाल लाल ,प्रमोद कुमार ,मामराज सेठी, यज्ञदत भाटिया, मोहन लाल, कंचन कँवर, मनीष जांगीड, सुनीता शर्मा रामरतन कुमावत, ओपी यादव ,नरेंद्र जांगीड रामस्वरूप डागीं, गुरु प्रसाद ,धर्मेन्द्र यादव, मुकेश सैनी ,पंकज सैनी राकेश पिगोलिया, गणेशराम ,महेंद्र मीणा पूनम शर्मा, शिवशंकर साँवरमल ,उमा शर्मा मनीषा शर्मा एवं सुनीता शर्मा सहित सभी अध्यापक अध्यापिकाए मौजूद रहे ।

# 24 जुलाई को होने वाले विशाल रक्तदान शिविर के पोस्टर का किया विमोचन

मरूधर हिंद/खेम चंद गुप्ता



**जयपुर।** श्रीमती भंवरी देवी कुमावत चैरिटेबल सोसायटी द्वारा आयोजित 12वें विशाल रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन माननीय अरूण चतुर्वेदी पूर्व विधायक व मंत्री राजस्थान सरकार द्वारा किया गया। भाजपा ओबीसी मोर्चा जयपुर शहर के जिलाध्यक्ष चेतन कुमावत ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। श्रीमती भंवरी देवी कुमावत चैरिटेबल सोसायटी के अध्यक्ष राजेश कुमावत ने बताया कि संस्था द्वारा यह 12वां रक्तदान शिविर, निशुल्क चिकित्सा जॉच व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन शिव मार्ग, डूढ़लोद कॉलोनी, 22 गोदाम, जयपुर स्थित शिव मंदिर में आयोजित किया जायेगा। प्रतिभा सम्मान समारोह में कुमावत समाज के 10वीं, 12वीं कक्षा सत्र 2021-22 में 80 व 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले होनहारों का सम्मान किया जायेगा। आगामी 24 जुलाई 22 को मानव कल्याण के काम आने वाले रक्तदान शिविर में ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी हो इसके लिए लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

इस अवसर पर माननीय अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है। अगर व्यक्ति नियमित रूप से रक्तदान करे, तो इससे शरीर बेहतर सेहत की ओर जाता है। इसका असर अपनी फिटनेस पर दिखता है। इससे ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल रहता है साथ ही ब्लड डोनेशन से आप किसी की जान बचा सकते हैं, बुरे वक्त में किसी के काम आ सकते है, जो आपके दिल और दिमाग़ को अलग ही खुशी और संतुष्टि देता है।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष राजेश कुमावत, जितेन्द्र कुमावत सचिव, गुरूशरण मारवाल कोषाध्यक्ष, विनोद कुमावत, लक्षित कुमावत, जयसिंह कुमावत, खेमचंद कुमावत, राकेश कुमावत एडवोकेट, संदीप कुमावत, रमेश गैदर, चेतन बालोदिया अशोक गुप्ता, गिर्राज शर्मा, सुनील कुमावत, दिनेश कुमावत, सूर्यकांत शर्मा, सुरेंद्र शर्मा मौजूद रहे।

# सिखवाल समाज द्वारा गुरु पुर्णिमा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भव्य रैली का आयोजन किया गया

मरूधर हिंद/रवि शंकर व्यास




सिखवाल समाज द्वारा गुरु पुर्णिमा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भव्य रैली का आयोजन किया गया है प्रातः 8ः00 बजे से मलाड चारभुजा चारभुजा नाथ से रेली का प्रारंभ हुआ विभिन्न मार्गो से रैली होती हुई आजाद नगर पहुंची विभिन्न मार्गो में सूचना केंद्र गोल प्याऊ चौराहा गोल प्याऊ चौराहा रेलवे फाटक पुलिस कंट्रोल रूम और आजाद नगर कुंभा सर्कल होती हुई आजाद नगर में इस रैली का समापन हुआ युवा युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पंडित पुष्पेंद्र एवं भारतीय युवा संघ के अध्यक्ष श्री नारायण व्यास जी व्यास सत्यनारायण व्यास मोहन जी शर्मा गोपाल शर्मा मीडिया प्रभारी लोकेश तिवारी कैलाश कैलाश शर्मा एवं सचिव पहलाद हो जा इस रैली में उनका पूर्ण सहयोग राशि काल धर्मशाला आजाद नगर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मेधावी छात्रों को सर्टिफिकेट प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर उनको सम्मान किया गया सिखवाल समाज के सभी कार्यकर्ताओं को उनके विशेष कार्य के लिए उनको सम्मानित किया गया समाज के अंदर अच्छे कार्य करने पर उनको रक्तदान शिविर में और अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने पर उनको साफा पहनाकर उनका सम्मान किया गया एवं पुष्प से उनका स्वागत किया गया इसी कार्यक्रम में नारायण व्यास ने बताया कि नारायण व्यास ने मीडिया प्रभारी लोकेश तिवारी भीलवाड़ा प्रभारी का भव्य स्वागत किया गया स्वागत में युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पुष्पेंद्र शर्मा और भारतीय युवा संस्थान के अध्यक्ष नारायण जी व्यास एवं जी शर्मा लोकेश जी तिवारी द्वारा स्वागत किया गया और इसी तरह मीडिया का पूर्ण सहयोग समाज को मिलता रहे और इसको हाईलाइट करते रहे इसके साथ सिंह नारायण व्यास ने सभी पदाधिकारी का पूर्ण धन्यवाद दिया एवं सभी प्रशासनिक जाता जैसे ट्रैफिक पुलिस के इंचार्ज मेघना त्रिपाठी एवं हरिशंकर हरिशंकर पारीक एवं प्रताप नगर थाना प्रभारी जी की पूरी टीम एवं सुभाष नगर थाना प्रभारी की पूरी टीम को पूर्ण सहयोग के लिए धन्यवाद और नगर परिषद से फायर ब्रिगेड की गाड़ी का भी पूर्ण सहयोग इसी तरह से इस कार्यक्रम का पूर्ण सहयोग के लिए बहुत बहुत धन्यवाद दिया प्रशासनिक अधिकारी को और बताएं कि भविष्य में भी अच्छे कार्यक्रम समाज के माध्यम से होता है।

## टीम विद्याधर नगर ने किया कच्ची बस्ती में कपड़ा वितरण



मरूधर हिंद/शिव शंकर शर्मा

टीम विद्याधर नगर द्वारा विद्याधर नगर पापड़ के हनुमानजी स्थित कच्ची बस्ती में कपड़ा वितरण किया गया। टीम विद्याधर नगर संयोजक पंकज अग्रवाल ने बताया कि टीम द्वारा कच्ची बस्तियों में कपड़ा वितरण, मेडिकल कैंप, पौधारोपण जैसे अनेक कार्यक्रमों को पिछले कई सालों से चलाया जा रहा है । इस अवसर पर प्रमोद् अग्रवाल अधिवक्ता , राकेश गोयल, रजनीकांत भारद्वाज ,राजू मीणा, संदीप अग्रवाल, डॉ प्रवीण शर्मा, कृष्ण कुमार गुप्ता, जितेन्द्र सैन, इरफ़ान, राजस्थान न्यूज़ से विक्रम राजावत सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।

## राजपूत सभा के द्वारा श्री राजपूत छात्रावास प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

मरूधर हिंद/महावीर सिंह

श्री राजपूत सभा के महामंत्री बलवीर सिंह हाथोज ने बताया कि श्री राजपूत सभा के द्वारा श्री राजपूत छात्रावास पोलो विक्ट्री जयपुर में छात्रों के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है श्री राजपूत सभा कार्यकारिणी सदस्य गजराज सिंह कैलाई एडवोकेट ने बताया कि प्रवेश फार्म श्री राजपूत छात्रावास के लिए 15/7/22 से 30/7/22 जुलाई तक श्री राजपूत सभा भवन पांच बत्ती जयपुर से प्राप्त किए जा जाएंगे प्रवेश फार्म को जमा कराने की तिथि 5 अगस्त 2022 है।

## संस्कार भारती ने किया संगीत एवं कशीदा के महागुरु का अभिनंदन





अरुण जोशी की रिपोर्ट

**बांसवाड़ा।** व्यास पूर्णिमा के अवसर पर संस्कार भारती डूंगरपुर इकाई द्वारा शिवाजी नगर के रामदेव चौक में संगीतज्ञ, लोक गायक एवं कसीदा कार्य के महागुरु श्रीमान लक्ष्मीकांत जी जेठवा तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रेखा जेठवा का शाल ओढ़ा कर श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र के साथ सम्मान किया गया। इससे पूर्व संस्कार भारती महामंत्री भूपेश शर्मा ने परिचय देते हुए कहा कि लक्ष्मीकांत जी जेठवा वागड़, राजस्थान तथा गुजरात के एक ऐसे गायक है जिन की गायकी से श्रोता मदमस्त हो जाया करते हैं, इनकी कसीदा कला में वह बारी किया है जो मन को लुभाती हे। कटवरक, पेच वर्क, मखमल वर्क, आभलावर्क का कार्य विदेशों तक बोहरा समुदाय करवा कर ले जाया करते हैं। जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जेठवा ने संस्कार भारती के द्वारा मनाए जाने वाले उत्सव पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरु पूर्णिमा पर ऐसे वरिष्ठ कला गुरु का सम्मान करते हैं जिससे आज का युवा प्रेरणा लेकर अपने भविष्य को संवारता है, उपाध्यक्ष डॉ सी.पी पवांर, कोष प्रमुख जगदीश वैष्णव, नाट्यकला विधा प्रमुख गिरीश पानेरी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर बाल -आयाम प्रमुख श्रीमती अभिलाषा गुप्ता शाह, मोहिनी शाह, सुमन जेठवा, पिनांक जेठवा कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे। अंत में लक्ष्मीकांत जेठवा ने संस्कार भारती का आभार व्यक्त करते हुए उत्सवों की भूरी भूरी प्रशंसा की।

## जयपुर विद्याधर नगर 7 दिन पुराना युवक का मिला शव





मरूधर हिंद/महावीर सिंह

**जयपुर** विद्याधर नगर 7 दिन पुराना युवक का मिला शव पुराने जेडीए कॉलोनी में मिला शव 40 से 45 वर्ष का बताया जा रहा है । विद्याधर नगर थाना पुलिस पहुंची मौके पर साथ ही शव को एस एम एस मोर्चरी में रखवाया थाना प्रभारी वीरेंद्र कुरील ने बताया शव की पहचान नही होंपायी है। और उसके पास से कोई भी आइडेंटिटी नही मिल पाई है। जिस तरह से शव को देखा गया है, लगता कोई भिखारी जैसा लगता है। पर विधाधर नगर थाना पुलिस इस कि तहकीकात कर रही है ।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया अब से खेलेंगे 5 टेस्ट मैचों की सीरीज

नई दिल्ली | एजेंसी

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का शैड्यूल 2024 में बदल जाएगा। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2023 में खत्म होगी। इसके बाद अगले चक्र के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमें 5 टेस्ट खेलेंगी। पहले इन टेस्ट की संख्या 4 थी। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अगले साल फरवरी-मार्च में भारत का दौरा करना है। यह घरेलू सीरीज 4 टेस्ट मैचों की होगी। अभी ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड नियमित रूप से एशेज ट्रॉफी में पांच टेस्ट खेलते हैं। भारत भी इंग्लैंड के साथ 5 टेस्ट मैचों की सीरीज पर खेल रहा है।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ ने कहा कि मुझे लगता है कि यह एक शानदार पहल है क्योंकि यह ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए एशेज श्रृंखला के सबसे करीबी मुकाबला है। बर्मिंघम में आगामी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के वार्षिक सम्मेलन में इसे मंजूरी मिलने की उम्मीद है। समझा जाता है कि संशोधित सीरीज 2024 के अंत में होगी।

### भारत पहले भी खेल चुका 5 टेस्ट मैचों की सीरीज

यह पहली बार नहीं होगा जब दोनों देश 5 टेस्ट में शामिल होंगे। भारत ने 3 बार 5 टेस्ट की सीरीज खेली है। आखिरी बार 1991-92 में इसका आयोजन हुआ था तब ऑस्ट्रेलिया ने 4-0 से सीरीज जीती थी। 1959 और 1969 में भारत ने ऑस्ट्रेलिया की पांच मैचों की मेजबानी की थी जबकि 1979-80 श्रृंखला तो 6 टेस्ट के लिए चली गई थी। फिलहाल भारत के पास बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी है। टीम ने 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया में बड़ी जीत हासिल की थी।

### भारत के लिए 6 टेस्ट जीतना जरूरी

2023 में होने वाले 4 टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला मौजूदा डब्ल्यूटीसी का हिस्सा है। दोनों टीमों के लिए फाइनल में पहुंचने के लिए इस सीरीज को एकतरफा जीतना बेहद जरूरी है। इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम सितंबर-अक्टूबर में 3 वनडे और 3 ही टी-20 खेलने के लिए भारत आएगी। लेकिन अक्टूबर में होने वाले टी-20 विश्व कप के बाद इस पर अंतिम फैसला लिया जाएगा कि टीमें एकदिवसीय मैच खेलेंगी या नहीं।

**कोहली-चहल और बुमराह को आराम | कुलदीप भी बने स्क्वाड का हिस्सा**

# वेस्टइंडीज दौरे के लिए टी-20 टीम घोषित : अश्विन की वापसी



मुंबई | एजेंसी

वेस्टइंडीज दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है। वहां होने वाली टी-20 सीरीज से विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और युजवेंद्र चहल को आराम दिया गया है। जबकि केएल राहुल, रविचंद्रन अश्विन और कुलदीप यादव की वापसी हुई है। राहुल-कुलदीप फिटनेस टेस्ट पास करने के बाद ही खेल सकेंगे। भारतीय टीम 22 जुलाई से 7 अगस्त के बीच 5 टी-20 और 3 वनडे मैच खेलेगी। कप्तान रोहित शर्मा , ऋषभ पंत और हार्दिक पंड्या वनडे श्रृंखला का हिस्सा नहीं होंगे लेकिन टी20 में वापसी करेंगे ।धवन वनडे टीम के कप्तान होंगे ।लेग स्पिनर रवि बिश्नोई और तेज गेंदबाज आवेश खान ने टी-20 टीम में जगह बरकरार रखी है ।वहीं इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी दो टी-20 में भारतीय टीम का हिस्सा नहीं रहे अर्शदीप सिंह भी टीम में लौटे हैं ।तेज गेंदबाज उमरान मलिक को टीम में जगह नहीं मिली है जो इंग्लैंड और आयरलैंड के खिलाफ श्रृंखला में टीम का हिस्सा थे ।उन्हें अभी अपने खेल पर मेहनत करने की जरूरत है ।

### 17 को आखिरी वनडे के बाद वेस्टइंडीज जा सकती है टीम

भारतीय टीम मैनचेस्टर में 17 जुलाई को इंग्लैंड से तीसरा और आखिरी वनडे खेलने के बाद वहां से वेस्टइंडीज रवाना हो सकती है। वेस्टइंडीज दौरे पर वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 22 जुलाई को पोर्ट ऑफ स्पेन में खेला जाएगा। वेस्टइंडीज सीरीज के दो टी-20 मुकाबले अमेरिका के फ्लोरिडा में खेले जाएंगे। ये दोनों मैच 6 और 7 अगस्त को होंगे। गुरुवार को जारी शेड्यूल के अनुसार, भारतीय टीम 22 जुलाई से 7 अगस्त के बीच वेस्टइंडीज और अमेरिका के दौरे पर रहेगी। वहां पहले 22 से 27 जुलाई तक तीन वनडे मुकाबले खेले जाएंगे। फिर 29 जुलाई से 7 अगस्त के बीच पांच टी-20 मुकाबले होंगे।

### सुंदर पर अश्विन को तरजीह दी गई



बीसीसीआई से जुड़े एक अधिकारी ने बताया था कि अश्विन टी20 विश्व कप के लिए भारत के प्लान का हिस्सा हैं। वह वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में खेलेंगे। वहीं, वॉशिंगटन सुंदर अभी भी खेलने के लिए फिट नहीं हैं। जब वो फिट होंगे को रॉयल लंदन कप और काउंटी चैंपियनशिप में लंकाशायर के लिए खेलेंगे।

### अर्शदीप सिंह की टी-20 टीम में वापसी



चहल की जगह अश्विन टीम में आए हैं। इसके अलावा तूफानी गेंदबाज उमरान मलिक को भी टीम से बाहर कर दिया गया है। अर्शदीप सिंह ने टी-20 स्क्वॉड में वापसी की है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी-20 में अर्शदीप ने शानदार गेंदबाजी की थी। हालांकि, वह दूसरे और तीसरे टी-20 के लिए स्क्वॉड में शामिल नहीं किए गए थे। अब कप्तान रोहित ने एकबार फिर उन पर भरोसा जताया है।

### यह है टी-20 टीम

**रोहित शर्मा (कैप्टन), ईशान किशन, केएल राहुल, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, श्रेयस अय्यर, दिनेश कार्तिक, ऋषभ पंत, हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, आर. अश्विन, रवि बिश्ननोई, कुलदीप यादव, भुवनेश्वर कुमार, आवेश खान, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह।**

# दूसरा वनडे| इंग्लैंड की टीम 246 रन पर सिमटी

**चहल ने झटके 4 विकेट, मोईन-विली फिफ्टी से चूके**

लार्डस | एजेंसी

भारत और इंग्लैंड के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज का दूसरा मैच लॉर्ड्स में खेला जा रहा है। रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। इंग्लैंड की टीम 49 ओवर में 246 रन बनाकर आउट हो गई और भारत को 247 रनों का लक्ष्य दिया। भारत के लिए यजुवेन्द्र चहल ने सबसे ज्यादा 4 विकेट लिए। इंग्लैंड के आलराउंडर मोईन अली व डेविड विली अर्द्धशतक बनाने से चूक गए। मोईन 47 व विली 41 रन बनाकर आउट हुए।




### चहल की फिरकी ने उलझाया

टीम इंडिया की ओर से युजवेंद्र चहल ने कमाल की गेंदबाजी की और किसी भी इंग्लिश बल्लेबाज को क्रीज पर जमने नहीं दिया। इंग्लैंड को दूसरा झटका जॉनी बेयरस्टो के रूप में लगा। उन्हें युजवेंद्र चहल ने बोल्ड किया। चहल की फुलर गेंद पर बेयरस्टो स्लॉग स्वीप लगाने गए थे, लेकिन पूरी तरह चूक गए। गेंद जाकर सीधे विकेट पर लगी। बेयरस्टो 38 गेंद पर 38 रन बनाकर आउट हुए। चहल ने इसके बाद जो रूट को भी पवेलियन भेजा। उन्होंने 21 गेंद का सामना किया और सिर्फ 11 रन बना पाए। चहल यहीं नहीं रूके उन्होंने बेन स्टोक्स को भी पगबाधा आउट कर दिया। स्टोक्स 23 गेंद में 21 रन बनाकर आउट हुए। मोईन अली जो कि पूरी तरह से सेट हो चुके थे। ऐसा लग रहा था कि वो अकेले अपने दम पर इंग्लैंड का स्कोर 250-270 तक ले जाएंगे, लेकिन उन्हें भी चहल ने 47 रन पर आउट कर दिया। कप्तान जोस बटलर भी मैच में पूरी तरह फ्लॉप रहे। उनके बल्ले से 5 गेंद में 4 रन निकले। उन्हें मोहम्मद शमी ने क्लीन बोल्ड किया।

### हार्दिक पंड्या ने दिलाई सफलता

इंग्लैंड की ओर से पूरी तरह सेट होकर बल्लेबाजी कर रहे जेसन रॉय को हार्दिक पंड्या ने पवेलियन भेजा। उन्होंने 9वें ओवर की पांचवीं गेंद जेसन के पैरों पर डाली। रॉय इसे बांउड्री के बाहर भेजना चाहते थे, लेकिन सूर्य कुमार यादव ने आसान सा कैच लपक लिया। रॉय 33 गेंद में 23 रन बनाकर आउट हुए।

### कोहली की वापसी

टीम इंडिया ने दूसरे मुकाबले में टीम में एक परिवर्तन किया है। भारत ने पहले मैच में नहीं खेल सके विराट कोहली को प्लेइंग इलेवन में चुना है। कोहली श्रेयस अय्यर की जगह टीम में शामिल हुए हैं। कोहली चोट के कारण पहले वनडे में टीम का हिस्सा नहीं रहे ।

### भारत का लॉर्ड्स में रिकॉर्ड

टीम इंडिया ने अब तक लॉर्ड्स मैदान पर कुल आठ वनडे मैच खेले हैं। इसमे से चार मैच जीते हैं। वहीं 3 मैचों में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा है। एक मैच टाई भी रहा है। भारत ने इस मैदान पर पिछला वनडे मैच 2004 में जीता था।

## ऑस्ट्रेलिया में होने वाली एकदिवसीय श्रृंखला से हटा दक्षिण अफ्रीका

ब्रिसबेन | एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका व्यस्त कार्यक्रम और घरेलू टी20 प्रतियोगिता की शुरूआत के कारण आस्ट्रेलिया में होने वाली तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की श्रृंखला से हट गया है जिसके बाद मेजबान टीम को मैच रद्द होने के कारण प्रतियोगिता अंक मिलने की संभावना है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को कहा कि जनवरी में होबार्ट, सिडनी और पर्थ में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला को रद्द कर दिया गया है और अन्य अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों की तारीखों और स्थल में संशोधन किया गया है। यह एकदिवसीय श्रृंखला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की सुपर लीग का हिस्सा थी जिससे 2023 में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने वाली टीम का फैसला होगा।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा, ये मुकाबले मई में क्वालीफिकेशन की समय सीमा से पहले नहीं खेले जा सकेंगे, (दक्षिण अफ्रीका) सहमत हो गया है कि आस्ट्रेलिया को प्रतियोगिता अंक दिए जाएं जो आईसीसी की स्वीकृति पर निर्भर करेंगे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका जनवरी में नया घरेलू टी20 टूनार्मेंट शुरू करने की तैयारी में है और चाहता है कि उसके शीर्ष खिलाड़ी टूनार्मेंट के लिए उपलब्ध रहें।







# साइना ने बिंग जियाओ को हराया, सिंधू और प्रणय के साथ क्वाफा में

सिंगापुर | एजेंसी

ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल ने फॉर्म में वापसी के संकेत देते हुए दुनिया की नौवें नंबर की खिलाड़ी चीन की बिंग जियाओ को हराकर सिंगापुर ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वर्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया ।दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और फॉर्म में चल रहे एच एस प्रणय ने भी अंतिम आठ में जगह बनाई ।लंदन ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साइना ने पांचवीं वरीयता प्राप्त चीनी खिलाड़ी को 21-19, 11-21, 21 -17 से मात दी । पिछले कुछ साल से चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रही साइना ने अप्रैल में राष्ट्रमंडल खेल चयन ट्रायल में भाग नहीं लिया था ।पिछले तीन साल में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले साल ओरलियंस मास्टर्स सुपर 100 में सेमीफाइनल में पहुंचना रहा ।वह मलेशिया मास्टर्स और बार्सीलोना स्पेन मास्टर्स 2020 के क्वार्टर फाइनल में भी पहुंची थी ।

तीसरी वरीयता प्राप्त सिंधू ने दुनिया की 59वें नंबर की खिलाड़ी वियतनाम की हुइ लिन एंगुयेन को 19-21, 21-19, 21-18 से हराया। अब उनका सामना चीन की हान यि से होगा । दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी चीनी ताइपै के चोउ तियेन चेन के खिलाफ तीन सप्ताह में दूसरी जीत दर्ज की ।उन्होंने एक घंटे और नौ मिनट तक चला मुकाबला 14-21, 22-20, 21-18 से जीता । अब उनका सामना जापान के कोडाइ नाराओका से होगा ।

वहीं किदाम्बी श्रीकांत को हराने वाले मिथुन मंजूनाथ आयरलैंड के एन एंगुयेन से 10-21, 21-18, 16-21 से हारकर बाहर हो गए । वहीं थाईलैंड की बुसानन ओंगबांरूंगफन को हराने वाली अश्मिता चालिहा को चीन की हान यि ने 21-9, 21-13 से हराया ।

पुरूष युगल में एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने छठी वरीयता प्राप्त मलेशिया के गोह जे फेइ और नूर इजुद्दीन को 18-21, 24-22, 21-18 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई ।महिला युगल में पूजा डांडु और आरती सारा सुनील को चीन की छठी वरीयता प्राप्त लि वेन मेइ और डु यू की जोड़ी ने 21-12, 21-6 से हराया ।

# भारत तीन स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य से पदक तालिका में शीर्ष पर

**भारतीय पुरूष टीम ने 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में स्वर्ण जीता, महिला टीम को रजत**




चांगवन | एजेंसी

भारत ने गुरूवार को यहां चल रहे आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप में अपने निशानेबाजों के शानदार प्रदर्शन के बूते पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने टूर्नामेंट में आठ पदक - तीन स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य - से समापन किया जिससे पदक तालिका में वह मेजबान कोरिया और सिंबया से काफी आगे रहा।

दिन की शुरूआत शानदार तरीके से हुई जब अर्जुन बाबुता, शाहू तुषार माने और पार्थ माखीजा ने कोरिया को 17-15 से हराकर 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता जो देश का तीसरा सोने का तमगा था। भारतीय तिकड़ी ने कोरिया के सियूनगो बांग, सांगडो किम और हाजुन पार्क को हराया । अर्जुन और शाहू का यह विश्व कप में दूसरा स्वर्ण पदक है।

दिन का दूसरा पदक रजत के रूप में आया जिसमें महिला वर्ग में इलावेनिल वालारिवन, मेहुली घोष और रमिता को फाइनल में कोरिया के जे कियुम, यूंसियो ली और डी जीवोन ने 16-10 से हराया ।पुरूषों की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा के फाइनल में भारतीय टीम ने इटली के पाओलो मोन्ना, एलेसियो टोराच्ची और लुका टेस्कोनी की अनुभवी तिकड़ी के खिलाफ जुझारू प्रदर्शन किया लेकिन उन्हें 15-17 से हार का सामना करना पड़ा जिससे देश को एक रजत पदक और मिला।

दिन में भारत का तीसरा रजत पदक 10 मीटर एयर पिस्टल टीम महिला स्पर्धा में आया जिसमें रिदम सांगवान, युविका तोमर और पलक की 'नये लुक' वाली टीम को कोरिया की मजबूत टीम से 2-10 से हार का सामना करना पड़ा जिसमें तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता किम मिनजुंग भी शामिल थीं।

# घर से बाहर लगातार तीसरी सीरीज जीता बांग्लादेश

**» वेस्टइंडीज को दूसरे वनडे में नौ विकेट से हराया**

जॉर्जटाउन | एजेंसी

प्लेयर ऑफ द मैच नसुम अहमद (3/19) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश ने तीन वनडे मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में वेस्टइंडीज पर 9 विकेट की जीत हासिल की है। इस जीत से उसने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। इसके साथ ही बांग्लादेश ने अपने घर से बाहर लगातार तीसरी सीरीज अपने नाम की है। इससे पहले उसने जिम्बाब्वे और साउथ अफ्रीका को उनके घर में हराया था। बांग्लादेश ने पहले तो वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को 108 रनों पर समेटा और उसके बाद जीत के लिए जरूरी रन 20.4 ओवर में बना डाले।

### 35 ओवर में आउट हो गई कैरेबियाई टीम

गुयाना में बुधवार रात को बांग्लादेश के कप्तान तमीम इकबाल ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला लिया। बांग्लादेशी गेंदबाजों ने उनके इस फैसले को सही साबित कर दिया। यहां प्रोविडेंस स्टेडियम की पिच पर बांग्लादेशी गेंदबाजों के सामने कैरेबियाई बल्लेबाज संघर्ष करते दिखे। वेस्टइंडीज की पूरी टीम महज 35 ओवर ही खेल सकी। उसके 5 बल्लेबाजों ने दहाई का आंकड़ा पार किया, लेकिन कोई भी 25 रन से ज्यादा स्कोर नहीं कर सका। कीमो पॉल ने सबसे ज्यादा 25 रन बनाए। साई होप ने 18 रन और काइल मेयर्स ने 17 रन जोड़े। मेहिदी हसन ने 4 विकेट चटकाए, जबकि नसुम अहमद को 3 विकेट मिले। 109 रनों का लक्ष्य बांग्लादेश के तीन बल्लेबाजों ने मिलकर हासिल कर लिया।

### एक पारी में दो नहीं एक ही नई बॉल मिले, बैटर स्विच शॉट मिस करे तो एलबीडब्लू दिया जाए: अश्विन

**मुंबई।** दिग्गज भारतीय स्पिनर आर. अश्विन वनडे क्रिकेट के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। उनका मानना है कि लगातार कम हो रही वनडे सीरीज के बीच वनडे मैचों को अपनी रिलेवेंसी तलाशनी होगी। टी-20 क्रिकेट लगातार बढ़ते स्वरुप के बीच हमें वनडे क्रिकेट में कुछ बदलाव करने होंगे। मुझे लगता है कि हमें वनडे के पुराने स्वरूप में लौटना होगा। अब पहले जैसे वनडे की एक पारी में एक ही नई गेंद का प्रयोग होना चाहिए। इतना ही नहीं, स्विच शॉट खेलते समय बल्लेबाज के गेंद मिस करने की स्थिति पर एलबीडब्लू देना चाहिए।

## व्यापार स्टार

# टमाटर की कीमत में कमी लेकिन आलू में

नई दिल्ली | एजेंसी



मंहगाई की मार झेल रहे आम आदमी के लिए राहत भरी खबर है। जून में टमाटर की कीमत 100 रुपये किलो तक पहुंच गई थी लेकिन अब इसमें काफी कमी आ गई है। टमाटर की कीमत में 60 फीसदी गिरावट आई है और अब ये 25 रुपए किलो मिल रहा है। दक्षिणी राज्यों से मांग बढ़ने के कारण इस महीने आलू की कीमत में दो फीसदी तक का इजाफा हुआ है। जिससे आलू की कीमत में भी तेजी बनी हुई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, जून में आलू और टमाटर की कीमत में 23.86 फीसदी और 158.78 फीसदी की तेजी आई। कृषि मंत्रालय के मुताबिक आलू का उत्पादन 53.60 मीट्रिक टन रहने का अनुमान है जो कि बीते वर्ष के मुकाबले 56.17 मीट्रिक टन रहा था। पश्चिम बंगाल, पंजाब और हरियाणा में बीते साल नवंबर और दिसंबर में बुवाई से पहले भारी बारिश के कारण इसका उत्पादन प्रभावित हुआ। वहीं, इस साल मार्च में ही लू चलनी शुरू गई थी जिसके कारण भी आलू की फसल प्रभावित हुई थी। अभी इसकी कीमत में कमी आने की संभावना नहीं है। इस वक्त औसत किस्म का आलु होलसेल में 20 रुपये किलो जबकि अच्छे किस्म के आलू की कीमत 25 रुपए चली हुई है। असामान्य लू के कारण पूरे देश में टमाटर की फसल प्रभावित हुई थी लेकिन अब ऐसा नहीं है। भारी बारिश के कारण टमाटर के उत्पादन में तेजी आई है।

### सोने में 163 रुपये की गिरावट, चांदी 195 रुपये टूटी

**नयी दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 163 रुपये की गिरावट के साथ 50,314 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोने का भाव 50,477 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 195 रुपये की गिरावट के साथ 56,254 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 56,449 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# शेयर मार्केट: सेंसेक्स 98 अंक की गिरावट के साथ 53416 पर बंद, निफ्टी 15940 के नीचे

मुंबई | एजेंसी

भारतीय शेयर मार्केट गुरुवार को गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 98 अंक की गिरावट के साथ 53,416 पर और निफ्टी 28 पॉइंट की गिरावट के साथ 15,938 पर बंद हुआ। निफ्टी के सेक्टोरल इंडेक्स में आईटी और पीएसयू बैंक में सबसे ज्यादा गिरावट रही। सेंसेक्स पर सनफार्मा, टाइटन, डॉ रेड्डी, रिलायंस, अल्ट्रा टेक सीमेंट, एचडीएफसी बढ़त में रहे। आज के मार्केट के हाल पर जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के एनालिस्ट हेड विनोद नायर का कहना है कि ग्लोबल मार्केट में कमजोरी की वजह से, भारतीय शेयर मार्केट ने अमेरिकी में महंगाई के बढ़ते अनुमान की चिंताओं के बीच अपनी शुरूआती बढ़त को छोड़ दिया। उम्मीद जताई जा रही है कि फेड महंगाई से निपटने के लिए इस महीने न्यूनतम 75 बीपीएस की दर में बढ़ोतरी करेगा। भारत की बात करें तो डब्लूपीआई मुद्रास्फीति जून में कम हुई, हालांकि यह हाई लेवल पर बनी हुई है,

## भारतीय मूल के अरुण अग्रवाल टेक्सास आर्थिक विकास निगम के बने निदेशक मंडल

ऑस्टिन (अमेरिका)।अमेरिका के टेक्सास राज्य के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने अरुण अग्रवाल को टेक्सास आर्थिक विकास निगम (टीएक्सईडीसी) के निदेशक मंडल के लिए नामित किया है। अग्रवाल भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक हैं और इस समय डलास स्थित कपड़े की कंपनी 'नेक्स्ट' के मुख्य कार्यपालक अधिकारी हैं। वह परमार्थ कार्य भी करते हैं। गवर्नर ने राज्य को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने तथा रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए अग्रवाल समेत टेक्सास के आठ अन्य व्यवसायियों को नामित किया है। एबॉट ने एक बयान में कहा, ϒटेक्सास को एक प्रमुख व्यावसायिक केंद्र के तौर पर प्रोत्साहित करने में टीएक्सईडीसी को सफल बनाने के लिए इनके प्रयासों की अहम भूमिका होगी।ϒ कपड़ों के अलावा अग्रवाल की कपास के व्यापार और रियल एस्टेट में भी रुचि है। वह अमेरिका-भारत मित्रता परिषद, यूटी डलास के कार्यकारी बोर्ड, रिसर्च पार्क स्थित टेक्सास टेक इनोवेशन हब तथा अन्य संस्थाओं के बोर्ड के सदस्य भी हैं। वह 'चेतना' नामक एक गैर लाभकारी संस्था के लिए स्वेच्छा से काम करते हैं। यह संस्था घरेलू हिंसा के पीड़ितों के लिए काम करती है। अग्रवाल ने गाजियाबाद स्थित आईएमटी से एमबीए, सदर्न न्यू हैम्पशायर विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर इन्फॉर्मेशन सिस्टम में परास्नातक और हार्वर्ड विश्वविद्यालय से अंतरराष्ट्रीय व्यापार में सर्टिफिकेट हासिल किया है। उन्होंने कहा, ϒअमेरिका में रहने वाले भारतीय अमेरिकी लोगों के लिए यह बड़े सम्मान की बात है। गवर्नर इस देश में हमारे समुदाय के लोगों की शक्ति को जानते हैं। हम सबसे ज्यादा कड़ी मेहनत करते हैं और सबसे अधिक धन कमाने वाला समुदाय हैं। हम मिलकर टेक्सास को वैश्विक स्तर पर लघु तथा बड़े व्यवसाय के स्वामियों के लिए एक सफलता प्रदान करने वाला केंद्र बनाएंगे।

## पाकिस्तान: आतंकी हाफिज सईद के संगठन के दो सदस्यों की गोली मारकर हत्या

लाहौर। मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के संगठन जमात-उद-दावा (जेयूडी) के दो सदस्यों की एक अन्य प्रतिद्वंद्वी संगठन के सदस्यों ने कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में तब हुई जब दोनों ईद-उल-अजहा की नमाज अदा करके एक मस्जिद से लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार को फैसलाबाद के जरांवाला चक 97 जिले में हुई, जो लाहौर से 130 किलोमीटर दूर स्थित है। जमात-उद-दावा के मारे गए दोनों सदस्यों की पहचान राशिद अली और शाहिद फारूक के रूप में की गयी है। उन्होंने कहा कि संदेह है कि घटना को प्रतिद्वंद्वी संगठन जमात अहले सुन्नत के सदस्यों ने अंजाम दिया है।

## 'जीवनयापन के खर्च' के संकट की सबसे ज्यादा मार महिलाओं पर पड़ेगी: डब्ल्यूईएफ रिपोर्ट

जिनेवा। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) ने बुधवार को वैश्विक श्रम शक्ति में बढ़ती लैंगिंग असमानता की ओर इशारा करते हुए कहा कि ईंधन और खाद्य सामान की ऊंची कीमतों के कारण जीवनयापन के खर्च का संकट महिलाओं को सबसे ज्यादा प्रभावित करेगा। जिनेवा का यह शोध संस्थान दावोस में होने वाले अपने वार्षिक आयोजन के लिए चर्चित है। इसमें दुनियाभर नेता, उद्योगपति जुटते हैं। डब्ल्यूईएफ ने कहा कि उम्मीद थी कि कोविड-19 संकट समाप्त होने के साथ स्त्री-पुरुष असमानता बढ़ने की वजह से जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई हो जाएगी, लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है। डब्ल्यूईएम का अनुमान है कि अब दुनिया को स्त्री-पुरुष समानता को हासिल करने में अब 132 साल लगेंगे। पहले इसमें 136 वर्ष लगने का अनुमान था। डब्ल्यूईएफ का मानना है कि लैंगिंग समानता के लिए चार मुख्य चीजों..वेतन और आर्थिक अवसर, शिक्षा, स्वास्थ्य और राजनीतिक सशक्तीकरण पर ध्यान देना जरूरी है। इस रिपोर्ट में आइसलैंड को सबसे ज्यादा अंक मिले हैं। उसके बाद कुछ नॉर्डिक देशों और न्यूजीलैंड का नंबर आता है। वहीं यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी 146 देशों की सूची में 10वें स्थान पर है। इसके अलावा सूची में अमेरिका 27वें, चीन 102वें स्थान और जापान 116वें स्थान पर है। डब्ल्यूईएफ की प्रबंध निदेशक सादिया जाहिदी का कहना है कि महामारी के दौरान श्रम बाजार के नुकसान की वजह से जीवनयापन की लागत का सबसे अधिक संकट महिलाओं पर पड़ा है।

## पहली छमाही में भारत-चीन व्यापार 67 अरब अमेरिकी डॉलर रहा

बीजिंग। भारत-चीन व्यापार लगातार दूसरे वर्ष 100 अरब डॉलर को पार करने की ओर अग्रसर है। भारत और चीन के बीच कारोबार के आधिकारिक आंकड़ों के सामने आने के बाद बुधवार को यह जानकारी मिली। चीन के उत्पादों के निर्यात में वृद्धि के बीच वर्ष की पहली छमाही में भारत-चीन व्यापार 67.08अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है। चीन के सीमा शुल्क सामान्य प्रशासन विभाग (जीएसी) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भारत को चीन का निर्यात पिछले साल की तुलना में 34.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 57.51 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। जबकि चीन को भारतीय निर्यात 9.57 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया है और इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 35.3 प्रतिशत की गिरावट आई है। वर्ष 2022 के शुरुआती छह महीनों में व्यापार घाटा 47.94 अरब अमेरिकी डॉलर रहा है। गौरतलब है कि पिछले साल पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के बावजूद भारत-चीन द्विपक्षीय व्यापार एक वर्ष में 100 अरब अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार करते हुए 125 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया था।

## उ. कोरिया ने दोनेत्स्क और लुहांस्क को अलग देश की मान्यता दी, यूक्रेन ने प्योंगयांग से राजनयिक रिश्ते तोड़े

सियोल । उत्तर कोरिया ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध के समर्थन में, पूर्वी यूक्रेन स्थित दो अलगाववादी क्षेत्रों दोनेत्स्क और लुहांस्क को स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दे दी है। इसकी प्रतिक्रिया में यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने उत्तर कोरिया से कूटनीतिक संबंध तोड़ लिए हैं और प्योंगयांग के निर्णय को यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमला बताया है। यूक्रेन संकट के लिए उत्तर कोरिया लगातार अमेरिका को दोषी ठहराता रहा है और दावा करता रहा है कि पश्चिमी देशों की दमनकारी नीतियों के कारण रूस ने अपने बचाव में यूक्रेन पर हमला किया है। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने कहा कि देश के विदेश मंत्री चो सुन हुई ने एक दिन पहले यूक्रेन से अलग हुए दोनेत्स्क और लुहांस्क के नेताओं को पत्र लिखकर उनकी स्वतंत्रता को मान्यता देने की बात कही। उत्तर कोरिया ने इन दोनों अलगाववादी क्षेत्रों के साथ कूटनीतिक संबंध विकसित करने की इच्छा भी जाहिर की। दोनेत्स्क के अलगवावादी नेता डेनिस पुशिलिन ने उत्तर कोरिया के निर्णय पर संज्ञान लिया। लुहांस्क और दोनेत्स्क मिलकर डोनबास क्षेत्र बनाते हैं, जहां ज्यादातर रूसी बोलने वाले लोग हैं और इस्पात के कारखाने, खदानें अन्य अन्य उद्योग स्थित हैं। दोनों ही प्रांत 2014 में अलगाववादियों के कब्जे में थे और फरवरी में रूस के आक्रमण से पहले ही राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उनकी स्वतंत्रता को मान्यता दे दी थी। सीरिया ने भी उनकी स्वतंत्रता को मान्यता दी है।

## मशहूर कारोबारी बिल गेट्स ने अपने फाउंडेशन को 20 अरब डॉलर का दान दिया

न्यूयॉर्क। माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक और दुनिया के सबसे अमीर बिजनेसमैन में से एक बिल गेट्स ने अपने फाउंडेशन को 20 अरब डॉलर का दान देने की घोषणा की है। यह पैसा कोरोना महामारी और अन्य दूसरे ग्लोबल आपदाओं से बेहाल लोगों की मदद के लिए हैं। बिल गेट्स दुनिया में सबसे बड़े दानवीरों में से एक गिने जाते हैं। बर्कशायर हैथवे के प्रमुख वॉरेन बफे ने भी पिछले महीने गेट्स के फाउंडेशन को 3.1 अरब डॉलर देने की घोषणा की थी। गेट्स ने दुनिया में अन्य धनवान लोगों से भी दान देने की अपील की है। गेट्स फाउंडेशन ने वर्ष 2026 तक अपने सालाना बजट में 50 प्रतिशत बढ़ोतरी की योजना बनाई है। फाउंडेशन को उम्मीद है कि बढ़े हुए खर्च का इस्तेमाल शिक्षा सुविधाएं देने और गरीबी हटाने में किया जाएगा। साथ ही स्त्री-पुरुष समानता लाकर वैश्विक प्रगति के लिए किया जाएगा। हुरुन रिपोर्ट और एडेलगिव फाउंडेशन द्वारा तैयार विश्व के 50 दानवीरों की सूची में जमशेदजी को पिछले 100 सालों में दुनिया का सबसे बड़ा दानवीर चुना गया है। उनके द्वारा स्थापित टाटा समूह ने सबसे ज्यादा 102 अरब डॉलर (करीब 75 खरब 70 अरब 53 करोड़ 18 लाख रुपये) का दान दिया है। वहीं, आईटी कंपनी विप्रो के संस्थापक अजीम प्रेमजी ने वित्त वर्ष 2020-21 में 9,713 करोड़ रुपए दान दिया। उनके बारे में कहावत है कि वे हर रोज 27 करोड़ रुपये दान देते हैं। एडेलगिव हुरुन इंडिया फिलैंथ्रोपी लिस्ट 2021 के अनुसार कोरोना काल में प्रेमजी ने ज्यादा दान दिया।



कोलंबो में प्रधानमंत्री रनिल विक्रमसिंघे के कार्यालय पर कब्जे के बाद उत्साहित प्रदर्शनकारी।

## श्रीलंका छोड़ मालदीव पहुंचे गोटबाया राजपक्षे ने मांगा प्राइवेट जेट, सता रहा जान का डर

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे मालदीव में हैं और उन्हें माले से सिंगापुर जाना था लेकिन सुरक्षा कारणों से वह सिंगापुर एयरलाइन के विमान पर सवार नहीं हो सके। मीडिया में बृहस्पतिवार को प्रकाशित खबर के अनुसार, गोटबाया अब एक निजी विमान का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने बुधवार को इस्तीफा देने की घोषणा की थी पर देश छोड़ने के कुछ घंटों बाद ही उन्होंने प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे को कार्यवाहक राष्ट्रपति बना दिया था जिससे राजनीतिक संकट गहरा गया है तथा सरकार विरोधी प्रदर्शन और उग्र हो गया है। संसद के अध्यक्ष महिंदा यापा अभयवर्द्धने ने कहा कि राजपक्षे ने रानिल विक्रमसिंघे को तब तक राष्ट्रपति का दायित्व निर्वहन करने के लिए नियुक्त किया है जब तक वह बाहर हैं। 'डेली मिरर' की खबर के अनुसार, राजपक्षे, उनकी पत्नी लोमा और दो सुरक्षा अधिकारी बुधवार रात को माले से उड़ान संख्या 'एसक्यू 437' के जरिये सिंगापुर के लिये रवाना होने वाले थे लेकिन सुरक्षा कारणों से वे विमान पर सवार नहीं हुए। खबर में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि राजपक्षे अब एक निजी विमान का इंतजार कर रहे हैं। इस बीच अभयवर्द्धने ने कहा कि उन्हें राष्ट्रपति राजपक्षे से अभी तक इस्तीफा प्राप्त नहीं हुआ है।

# प्रदर्शनकारी हिंसा से दूर रहें या नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहें: श्रीलंकाई सेना

**कोलंबो। (एजेंसी)।**



श्रीलंका की सेना ने बृहस्पतिवार को सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों से हिंसा से दूर रहने या नतीजों का सामना करने के लिए तैयार रहने को कहा। साथ ही उसने आगाह किया कि सुरक्षा बलों को बल प्रयोग करने के लिए कानूनी अधिकार दिया गया है। राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे के देश छोड़ने के बाद बुधवार को प्रधानमंत्री कार्यालय और संसद के मुख्य मार्ग पर प्रदर्शनकारियों की सुरक्षा बलों के साथ झड़प के बाद कम से कम 84 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

अवरोधकों को तोड़ने और प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश कर रही भीड़ पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और पानी की बौछारें कीं। पश्चिमी प्रांत में हिंसा भड़कने के बाद प्रशासन ने बुधवार को कर्फ्यू लगा दिया। सुबह कर्फ्यू हटा लिया गया। लेकिन, हिंसा की आशंकाओं के बीच इसे फिर से लागू करना पड़ा क्योंकि राष्ट्रपति राजपक्षे ने अपने इस्तीफे पर कुछ नहीं कहा है। एक दिन पहले प्रदर्शनकारियों के एक समूह द्वारा संसद के प्रवेश द्वार पर धावा बोलने के प्रयास के बाद विरोध के उग्र होने की आशंका के मद्देनजर सुरक्षा बलों ने बृहस्पतिवार को संसद के सुरक्षा घेरे को मजबूत किया।

सेना ने एक बयान में प्रदर्शनकारियों से आग्रह किया कि वे ''सभी प्रकार की हिंसा से दूर रहें या नतीजे भुगतने के लिए तैयार रहें क्योंकि मानव जीवन को खतरे, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान की स्थिति में सशस्त्र बलों के सदस्यों को कानूनी रूप से बल का प्रयोग करने का अधिकार है।'' सेना ने कहा कि कार्यवाहक राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे, संसद के अध्यक्ष और राजनीतिक दल के नेताओं के साथ बैठक के दौरान सशस्त्र बलों और पुलिस के सभी प्रमुखों ने सर्वसम्मति से कहा कि शांतिपूर्ण विरोध से ताकत से नहीं निपटा जाना चाहिए बल्कि जब तक प्रदर्शनकारी हिंसा का सहारा नहीं लेते या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाते, तब तक बल का न्यूनतम प्रयोग होना चाहिए।

सेना ने कहा, ''उन आश्वासनों के बावजूद प्रदर्शनकारियों के एक खास समूह ने अपने घोषित अहिंसक रुख से हटकर कानून और व्यवस्था का उल्लंघन जारी रखा और संसद परिसर के साथ-साथ अध्यक्ष के आधिकारिक आवास को घेरने की कोशिश करके हिंसा का सहारा लिया।'' सेना ने कहा कि सैन्यकर्मियों की बार बार अपील के बावजूद ''उपद्रवी भीड़'' ने जबरन संसद परिसर में दाखिल होने की कोशिश की और ड्यूटी पर तैनात जवानों पर लोहे की छड़ों, पत्थरों, हेलमेट अन्य चीजों से हमला किया जिससे कई सैनिक घायल हो गए।

# रूस-यूक्रेन युद्ध से यूरोपीय अर्थव्यवस्था प्रभावित, महंगाई बढ़ी: यूरोपीय संघ

**ब्रसेल्स। (एजेंसी)।**

यूरोपीय संघ (ईयू) ने कहा है कि रूस-यूक्रेन युद्ध से आर्थिक पुनरुद्धार पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। इससे ईयू के सदस्य देशों में इस साल निम्न आर्थिक वृद्धि दर के साथ महंगाई रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने का अनुमान है। एक अनुमान के अनुसार, 19 सदस्यीय यूरो क्षेत्र में मुद्रास्फीति इस साल औसतन 7.6 प्रतिशत पर पहुंचने का अनुमान है। यह पिछले अनुमान 6.1 प्रतिशत के मुकाबले काफी अधिक है। पिछले महीने उपभोक्ता कीमतों में सालाना आधार पर 8.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। लगा दी गई है।

वहीं आर्थिक वृद्धि दर 0.1 प्रतिशत घटकर 2.6 प्रतिशत पर आने की संभावना है। जबकि पिछले साल आर्थिक वृद्धि दर 5.3 प्रतिशत रही थी। यूरोपीय संघ (ईयू) के उपाध्यक्ष वाल्डिस डोम्ब्रोवस्की ने कहा, ''रूस-यूक्रेन युद्ध से यूरोप और हमारी अर्थव्यवस्था पर दीर्घकालीन प्रतिकूल असर पड़ेगा।'' युद्ध के कारण ऊर्जा और खाद्य कीमतों के दाम बढ़े हैं। इससे महंगाई में तेजी से वृद्धि हुई है और इसके कारण आर्थिक वृद्धि तथा उपभोक्ताओं का विश्वास प्रभावित हुआ है। ऐसी आशंका है कि अगर रूस प्राकृतिक गैस की आपूर्ति को और कम कर देता है या पूरी तरह से बंद कर देता है, तो ऊर्जा संकट की स्थिति और बिगड़ सकती है। यूरोपीय संघ ने बयान में कहा, ''आर्थिक गतिविधियों और मुद्रास्फीति के समक्ष युद्ध की स्थिति के कारण जोखिम है। विशेष रूप से यूरोप को होने वाली गैस आपूर्ति पर अगर इसका प्रभाव बढ़ता है, तो जोखिम बढ़ेगा।'' बयान के अनुसार, ऊर्जा के ऊंचे दाम और रिकॉर्ड महंगाई दर एक और कठिन साल का संकेत है। हाल में कोविड-19 मामलों में वृद्धि स्थिति को और बदतर बना रही है। यूरोपीय संघ के अनुसार, ''क्षेत्र में महामारी बढ़ने से अर्थव्यवस्था के समक्ष नई समस्याएं पैदा होंगी...।

## जैक सुलविन ने कहा- इंडो पैसेफिक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है भारत, आई2यू2 मिडल ईस्ट का बन सकता है केंद्रीय स्तंभ

**टोयो (एजेंसी)।**



नए आई2यू2 समूह का गठन एक ऐसा अहम विकास है जहां भारत के साथ अमेरिकी साझेदारी गेम चेंजर साबित हो सकती है। संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएस) के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा है कि आई2यू2 - वह समूह जो भारत, इज़राइल, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका को एक साथ लाता है और जैसे क्वाड इंडो-पैसिफिक में एक 'केंद्रीय स्तंभ' बन गया है, वैसे ही इसकी भी भूमिका मध्य पूर्व क्षेत्र में व्यापक है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि बाइडेन 'खाद्य सुरक्षा पर जोर देने के साथ इज़राइल, संयुक्त अरब अमीरात और भारत के नेताओं के साथ चार तरफा वर्चुअल शिखर सम्मेलन आयोजित करेंगे।

गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति जो बाइडेन, इजरायल के पीएम यायर लापिड, और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान पहले नेता-स्तरीय आई2यू2 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। राष्ट्रपति बनने के बाद से बाइडेन इस क्षेत्र के अपने पहले दौरे पर हैं। यह पूछे जाने पर कि राष्ट्रपति की इज़राइल यात्रा पर पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान भारत को 'इतने सारे मुद्दों' में लाने का लक्ष्य क्या था और अमेरिका इसके साथ क्या हासिल करने की कोशिश कूी जा रही है इस पर सुलिवन ने पहले कहा कि भारत 'इंडो पैसेफिक में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# कश्मीर शहीद दिवस पर भारत के खिलाफ पाक पीएम शहबाज शरीफ ने भारत के खिलाफ फिर उगला जहर

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।**



कश्मीर का मुद्दा पाकिस्तान के लिए आज भी भावनाएं भड़काने का टूल बना है। अब प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कश्मीर शहीद दिवस के अवसर पर भारत के खिलाफ जमकर जहर उगला है। शहबाज ने यौम-ए-शुहादा-ए-कश्मीर पर कश्मीरियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए झूठा आरोप लगाया कि भारत घाटी के लोगों पर अत्यातार कर रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि कश्मीरियों ने 'आजादी की लौ' को जीवित रखा है। जबकि, सही बात यह है कि पाक अधिकृत कश्मीर में आए-दिन पाकिस्तानी सेना और सरकार के खिलाफ लोग सड़कों पर उतर रहे हैं। इन प्रदर्शनों को दबाने के लिए पाकिस्तानी सेना निहत्थे कश्मीरियों पर गोली चला रही है। पाकिस्तान सरकार का विरोध करने वाले पीओके के निवासियों को रातों रात गायब कर दिया जाता है।

शहबाज शरीफ ने ट्वीट किया कि कश्मीर शहीद दिवस उन बलिदानों की याद दिलाता है जो कश्मीरियों ने आत्मनिर्णय के अपने अटूट और संयुक्त राष्ट्र-स्वीकृत अधिकार के लिए दिए हैं। उन्होंने ट्वीट में झूठ पर झूठ बोलते हुए हुए दावा किया कि भारतीय 'अत्याचार' और 'उत्पीड़न' के सामने कश्मीरियों ने पीढ़ियों से स्वतंत्रता की लौ को जीवित रखा है। शहबाज शरीफ के बेटे और पंजाब सूबे के मुख्यमंत्री हमजा शहबाज ने भी कश्मीर के लोगों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शेखी बघारते हुए दावा किया कि हमारा दिल बहादुर कश्मीरियों के साथ धड़कता है।

कश्मीर को लेकर जहर उगलने में पाकिस्तान का विदेश कार्यालय भी पीछे नहीं रहा। पाकिस्तानी विदेश कार्यालय ने कहा कि पाकिस्तान की सरकार और लोग शहीद दिवस मना रहे हैं। वे उन 22 कश्मीरियों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं जिन्होंने डोगरा बलों के 1931 में उन पर अंधाधुंध बल का सामना करते हुए अंतिम बलिदान दिया था। कार्यालय ने यह भी कहा कि इस दुख के दिन पर हम नियंत्रण रेखा के दोनों ओर अपने कश्मीरी भाइयों के साथ 1931 के शहीदों के योगदान की स्मृति में शामिल होते हैं।

पाकिस्तानी विदेश कार्यालय इतने पर ही नहीं रुका। उसने कश्मीर को लेकर अपने पुराने आरोपों को दोहराते हुए प्रॉपगैंडा फैलाने की पूरी कोशिश की। कार्यालय ने दावा किया कि भारत 9 लाख सैनिकों के दम पर गलत तरीके से अपने कब्जे में बनाए हुए है। इतना ही नहीं, बयान में 5 अगस्त, 2019 का भी जिक्र किया गया है, जिस दिन भारत ने जम्मू और कश्मीर से अनुच्छेद 370 को खत्म करने का ऐलान किया था। पाकिस्तान ने दावा किया कि उस दिन भारत की अवैध और एकतरफा कार्रवाई कश्मीरी लोगों को उनकी विशिष्ट पहचान से वंचित करने और उन्हें अपनी ही भूमि में अल्पसंख्यक में बदलने का एक और प्रयास था।

# कनाडा के विष्णु मंदिर में लगी महात्मा गांधी की प्रतिमा पर लिख गया 'खालिस्तान', भारत ने जताई नाराजगी

**ओटावा (एजेंसी)।**

भारत की तरफ से बुधवार को उस घटना पर चिंता जताई गई है, जिसमें कनाडा के एक हिंदू मंदिर में लगी महात्मा गांधी की प्रतिमा को विकृत करने का मामला सामने आया है। ओंटारियो शहर के रिचमंड हिल सिटी में बने मंदिर में ये तोड़फोड़ की घटना हुई है। पुलिस का कहना है कि इस मामले की जांच हेट क्राइम के तहत की जा रही है। लेकिन भारत ने अपने गुस्से के बारे में कनाडा की सरकार को जानकारी दे दी है।

जिस मूर्ति को खराब किया गया है कि वो योंगे स्ट्रीट और गार्डन एवेन्यू में बने विष्णु मंदिर में लगी है। यॉर्क रीजनल पुलिस की तरफ से इस मामले के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। ये प्रतिमा पांच मीटर ऊंची है और 13 जुलाई को ऑफिसर्स को स्थानीय समयानुसार 12:30 मिनट पर बुलाया गया था। यॉर्क पुलिस की तरफ से बताया गया है कि किसी ने गांधी की मूर्ति पर 'खालिस्तान' जैसे अपशब्द लिखे थे।

कनैडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (सीबीसी) की तरफ से सबसे पहले इस घटना की जानकारी दी गई थी। टोरंटो स्थित भारतीय कांसुलेट जनरल ने इस पर ट्वीट कर नाराजगी जताई है। इस ट्वीट में लिखा है रिचमंड हिल के विष्णु मंदिर में लगी गांधी की प्रतिमा को इस तरह से खराब करने पर हम खासे नाराज हैं। यह आपराधिक और नफरत से भरा कृत्य बहुत तकलीफ देने वाला है और इसने कनाडा में बसे भारतीय समुदाय की भावनाओं को चोट पहुंचाई है। हम लगातार कनैडियन अथॉरिटीज के संपर्क में हैं, ताकि इस हेट क्राइम की जांच की जा सके।

वहीं ओटावा में भारतीय हाई कमीशन ने कहा है कि भारत इस हेट क्राइम पर काफी नाराज है क्योंकि इसने भारतीय समुदाय को डराने का काम किया है। हाई कमीशन ने यह भी कहा है कि कनाडा की सरकार से संपर्क किया गया है और मांग की गई है कि जिसने भी ये अपराध किया है, उसे सजा सुनिश्चित की जाए। स्थानीय पुलिस की तरफ से भी इसे हेट क्राइम करार दिया गया है, जिसे गलत भावना के तहत अंजाम दिया गया। यॉर्क रीजनल पुलिस की



प्रवक्ता कॉन्स्टेबल एमी बॉन्ड्रेयू ने कहा किसी ने प्रतिमा पर 'रेपिस्ट' और 'खालिस्तान' जैसे शब्द लिखकर इसे बिगाड़ दिया था। यॉर्क पुलिस हेट क्राइम को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने आगे कहा कि जिन्होंने भी नस्ल, राष्ट्रीयता, समुदाय, भाषा या लिंग को लेकर किसी को भी निशाना बनाया तो उसे कानून के तहत सख्त सजा दी जाएगी।